52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.0 °c | अधिकतम 26.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:49 सूर्यास्त : 5:21 | वर्ष : 52/ अंक : 324 शनिवार, 23 नवम्बर 2024 मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

बुरे वक्त को कभी बुलाया नहीं जाता और अच्छे वक्त को मेहनत करके हासिल करना पड़ता है।

भाजपा उपचुनाव हार रही है, इसीलिए पूरी सरकार वोट लूटने में लगी हुई थी : अखिलेश यादव

आगे-आगे देखिए.... होता है क्या.....

# भले ही हो कयामत की रात, भगवा-हरा होगा सुप्रभात

▸ गठबंधन की मिथलेश पाल व सपा की सुम्बुल राना में सीधे मुकाबले की सम्भावना ▸ तीसरे व चौथे की जंग लड़ रहे अरशद व शाहनजर

**मुजफ्फरनगर, 22 जनवरी (बु.)।** मतगणना के एक दिन पहले की रात को हमेशा कयामत की रात ही माना जाता है। इस रात जीत और हार के दोनों ही प्रत्याशियों को नींद नहीं आती। कब सुबह हो, कब मतगणना शुरू हो और दिल की धड़कनों के चलने के साथ-साथ तेजी से मतगणना सम्पन्न हो जाए और मेरी विजय हो, ऐसी ही कामना के साथ पूरी रात गुजर जाती है। कभी कभी परिणाम का भी पता होता है कि क्या आने वाला है, बावजूद उसके भी कोई न कोई करिश्मा होने की उम्मीद रहती है। ऐसे में चाहे कोई भी प्रत्याशी हो, सार्थक सोच के साथ घर से निकलता है। मीरापुर उपचुनाव की लगभग तस्वीर साफ ही नजर आ रही है, कि इस कयामत की रात का उदय भगवा और हरा ही होगा यानि इस चुनाव में गठबंधन की जीत तय मानी जा रही है, फिर भी ग्यारह के ग्यारह प्रत्याशी मतगणना स्थल पर अपने मतगणना एजेंटों के साथ उतरेंगे, इनमें से गठबंधन प्रत्याशी मिथलेश पाल के साथ-साथ सपा की

सुम्बुल राना, बसपा के शाहनजर, आसपा के जाहिद हुसैन अपने अपने पक्ष में किसको कितना वोट पड़ा, यह देखने के लिए उपस्थित होंगे। हालांकि चुनाव में कयास ही लगाए जा सकते हैं, यूं तो अभी भी तीनों प्रत्याशी अपनी अपनी आंकड़ेबाजी में जुटे हैं और मान भी रहे हैं कि कहीं कोई करिश्मा हुआ तो उनकी भी जीत हो सकती है, मगर फिर भी बात सर्वे पर आकर रुक जाती है। सर्वे तो यही बताता है कि गठबंधन की मिथलेश पाल की जीत सुनिश्चित है, जिसे चाहकर भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस चुनाव में तमाम आरोप भी गठबंधन प्रत्याशी व सरकार के नुमाइंदों पर जमकर लगे हैं, मगर चुनाव आयोग ने इस पर शिकायत करने के बावजूद भी कोई आपत्ति नहीं की है। ऐसे में आज मतगणना होना व विजय श्री प्राप्त करना भी सुनिश्चित हो चुका है। बस अब देखना यह होगा कि हार जीत की बाजीगरी में कौन अव्वल रहता है और मुस्लिम वोटरों में सर्वाधिक किस मुस्लिम प्रत्याशी ने सेंधमारी कर हार मानने के बावजूद भी अपना वर्चस्व बढ़ाया है। कुल मिलाकर कयामत की रात के बाद आज हार-जीत का परिणाम आने तक भी प्रत्याशियों व उनके समर्थकों के दिलों की धड़कनें बढ़ी रहेंगी।

## जिले में भाजपा के संगठन चुनाव का बिगुल बजा

**मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव का बिगुल बज गया है। भाजपा के जिला चुनाव अधिकारी पूरनलाल लोधी ने भारतीय जनता पार्टी के मंडल चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। आज जारी बयान में उन्होंने बताया कि जिला समिति से प्राप्त वरीयता पैनल एवं क्षेत्रीय समिति पश्चिम के परामर्श उपरान्त संगठन चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनमें बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में बुढ़ाना मंडल के लिए मनोज कश्यप, सिसौली के लिए प्रदीप सैनी, शाहपुर के लिए संजय अग्रवाल, फुगाना के लिए अशोक कंसल व सोरम के लिए सुरेन्द्र कश्यप को दायित्व सौंपा गया है। चरथावल विधानसभा क्षेत्र के भोपा मंडल में गीता जैन, चरथावल में सुशील त्यागी, बघरा में सुनील दर्शन, हरसौली में बिजेन्द्र पाल, बिरालसी में विनीत कात्यान, बहलना में कविता सैनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के पुरकाजी मंडल में रामनाथ ठाकुर, बरला में देशबन्धु तोमर, रोहाना में श्याम रहेजा, सरवट में अचिन्त मित्तलऔर पीनना में तेजपाल सिंह गुर्जर की देखरेख में चुनाव होगा। सदर विधानसभा इलाके के नई मण्डी मंडल में डा० वीरपाल निर्वाल, केशव मंडल में नजर सिंह गुर्जर, कूकड़ा में जितेन्द्र त्यागी व हनुमत मंडल में विजय सैनी को दायित्व दिया गया है। खतौली विधानसभा क्षेत्र के खतौली मंडल में गजे सिंह, मंसूरपुर में अमित राठी, जानसठ में राकेश आडवानी, तिसंग में सुधीर खटीक और बड़सू में डा. अर्चना चौधरी को जिम्मेदारी दी गई है। मीरापुर विधानसभा के मीरापुर मंडल में ब्रजेश रस्तोगी, सम्भलहेड़ा में ऋषिराज वालिया, बहेड़ा सादात में सतीश खटीकऔर शुक्रतीर्थ में डॉ. पुरुषोत्तम को चुनाव संपन्न कराने का दायित्व सौंपा गया है।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना तैयारी पूर्ण : आज नवीन मंडी स्थल पर होगी मतगणना

▸ 4 एएसपी, 8 सीओ, 39 इंस्पेक्टर, 114 दरोगा, 193 हैड कांस्टेबल, 619 कांस्टेबल और 350 होमगार्ड रहेंगे मुस्तैदी से तैनात

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** मीरापुर विधानसभा उप चुनाव की आज शहर के कूकड़ा मंडी स्थल पर मतगणना होनी है। प्रत्याशियों ने जो अपने आप गुणा, भाग और जमा करना था, वह कर चुके हैं और इस चुनाव में विपक्ष पहले से ही अपनी हार मान चुका है। विपक्ष का आरोप है कि इस बार मीरापुर उप चुनाव में सरकार का चुनाव हुआ है, विपक्ष का चुनाव हुआ ही नहीं। बूथ कैप्चरिंग की शिकायतों के साथ विपक्ष के अलग अलग प्रत्याशियों व उनके समर्थकों ने खुलकर सत्ता पर मुस्लिम समाज के लोगों को वोट न डालने देने का आरोप लगाया है और चुनाव आयोग को लगातार इसकी शिकायत भी की जा रही है। पहली बार अपने समर्थकों का मनोबल बढ़ाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंस्पेक्टर की पिस्टल के सामने जमी रही महिलाओं को सम्मानित करने की घोषणा भी की है, वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण समाज ने भी पिस्टल लहराने वाले इंस्पेक्टर राजीव शर्मा को सम्मानित करने की घोषणा की है। हालांकि आम जनता इसे बिना वजह मामले को तूल देने की बात कह रही है। आम मतदाताओं का कहना है कि इस तरह से दोनों पक्षों के मतदाताओं एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं को गलत बढ़ावा मिलता है और इसी से नफरतें फैलती हैं, जो हो गया सो हो गया, किसी को सम्मानित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। तमाम चर्चाओं के बीच बस अब गिनती होनी बाकी रह गई है, किसकी जीत और किसकी हार होगी, ये सभी ने अपने आप स्वीकार कर लिया है। अब जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए भी अपनी कमर कस ली है, इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा बगैर कार्ड के किसी भी प्रकार की एंट्री नहीं दी जाने की सूचना दे दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसएसपी अभिषेक सिंह खुद संभालेंगे। मतगणना स्थल के अंदर और बाहर दो कम्पनी पैरा मिलिट्री और दो कम्पनी पीएसी तैनात रहेगी, वहीं दूसरी ओर मतगणना स्थल पर 4 एएसपी, 8 सीओ, 39 इंस्पेक्टर, 114 दरोगा, 193 हैड कांस्टेबल, 619 कांस्टेबल और 350 होमगार्ड को मुस्तैदी से तैनात किया गया है।

▸ हर टेबिल पर रहेंगे प्रत्याशियों के एजेंट, 12 टेबिल पर गिनती
▸ आज 2 टेबिल पर पोस्टल बैलेट की होगी पहले गिनती
▸ एक टेबिल मीरांपुर आरओ के लिए अलग से लगेगी

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** मीरांपुर विधानसभा सीट पर बीते 20 नवम्बर को छुटपुट घटनाओं के बीच संपन्न हुए उप चुनाव की शनिवार में सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू हो जाएगी। चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रशासन की ओर से नवीन मंडी स्थल पर बनाए मतगणना केन्द्र पर उक्त मतगणना को संपन्न कराने के लिए कुल 15 टेबल लगाई गई हैं। इनमें जहां एक ओर 12 टेबिल ईवीएम वोटों की और दो अन्य टेबिलों पर पोस्टल बैलेट पेपरों की गिनती होगी। इसके साथ ही मतगणना के लिए हर टेबिल पर चार-चार मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगाई है। एक टेबिल रिटर्निंग अधिकारी की होगी। शनिवार को सुबह आठ बजे से मीरांपुर उपचुनाव के वोटों की गिनती शुरू करने के लिए इस बीच 68 मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई है। इसी के साथ यहां भाजपा-रालोद, सपा, बसपा, आसपा व एआईएमआईएम समेत 11 प्रत्याशियों के भाग्य

का इस बीच फैसला हो जाएगा। इसके साथ मीरांपुर को अपना विधायक भी मिल जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ऐसे में प्रत्याशियों के एजेंटों को ही मतगणना हॉल में प्रवेश मिलेगा। मीरांपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में हुए मतदान के बाद जिला प्रशासन ने मतगणना की पूरी तैयारी कर ली है। शनिवार को होने वाली मतगणना के लिए शुक्रवार को कृषि उत्पादन

मंडी समिति में डीएम उमेश मिश्रा समेत अन्य अफसरों ने निरीक्षण किया और मतगणना स्थल पर लगाई गई टेबिल पर मतगणना से जुड़ी समस्या व अन्य उपायों को देखते हुए अंतिम रूप दिया गया। यहां शनिवार को होने वाली मतगणना के लिए कुल 15 टेबिल लगाई गई है। इनमें एक टेबिल रिटर्निंग अधिकारी की होगी। इस दौरान मतगणना में कैंप लगाकर आयोग से भेजे चुनाव प्रेक्षक, डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी अभिषेक सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। शनिवार को नवीन मंडी में होने वाली मतगणना के बारे में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश मिश्रा एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रत्येक टेबिल पर चार-चार कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ रिजर्व में कर्मचारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान 3 जोन के जोनल मजिस्ट्रेट और 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत भारी संख्या में पुलिसबल तैनात रहेंगे। मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के लिए जिला प्रशासन की ओर से दिए निर्देशों के बीच सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने एजेंट बना लिए हैं। हरेक टेबिल पर इन वोटों की गिनती के दौरान प्रत्याशियों के एजेंट खड़े मिलेंगे। वहीं बिना पास के किसी को प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। बता दें, मीरांपुर विस क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 3.24 लाख है। इनमें 1,71,912 लाख पुरुष,1,52,644 लाख महिला मतदाता और 15 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। गत 20 नवंबर को उपचुनाव में एक लाख 85 हजार से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### मतगणना के चलते प्रशासन की ओर से ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**मुजफ्फरनगर, 22 जनवरी (बु.)।** आज मीरापुर उपचुनाव की मतगणना को लेकर शनिवार सुबह साढ़े चार बजे से मतगणना स्थल पर पुलिस की ओर से एडवाइजरी जारी की गयी है। पुलिस ने प्रवेश पार्किंग व बैरियर की व्यवस्था की है। ▸ कूकड़ा ब्लॉक चौराहे से गांधीनगर चौक तक, कूकड़ा ब्लॉक से बालाजी चौक, टिकैत चौक से विश्वकर्मा चौक नो मेन्स घोषित किया गया है। ▸ कूकड़ा मंडी की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ▸ कूकड़ा मंडी बाबूराम गेट संख्या 4 से सीी मतगणना एजेंटों को बगैर वाहन के प्रवेश कराया गया। एजेंटों के वाहन कूकड़ा ब्लॉक बैरियर, टिकैत चौक बैरियर व विश्वकर्मा चौक बैरियर से पूर्व बिलासपुर रोड, जानसठ रोड व भोपा रोड पर दाएं व बाएं खड़े किये जाएंगे। ▸ कूकड़ा मंडी के गेट संख्या 01 से पुलिस, मीडिया, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, मतदानकर्मी व प्रत्याशियों को वाहन के साथ प्रवेश कराया जायेगा। वाहनों के गेट नम्बर 01 के समीप बनी पार्किंग में खड़ा कराया जायेग। वाहन पुलिस बैरियर से आगे नहीं जाएंगे। ▸ मतगणना के दौरान गेट नम्बर 02, 03, 05, व 06 बंद रहेंगे। इन गेटों से किसी का भी प्रवेश वर्जित रहेगा।

### एक्यूआई 249: स्कूल रहेंगे अभी बंद

**मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)।** प्रदूषण की स्थिति जारी रहते आज नगर में एक्यूआई 249 पर दर्ज किया गया। इस बीच वायु प्रदूषण के चलते अभी विद्यालय अग्रिम आदेशों तक बंद रहेंगे। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आज इस आशय के आदेश जारी करते हुए कहा कि ग्रेप 4 के प्रतिबंध लागू होने के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कक्षा एक से बारह तक के सभी स्कूल बंद किए गए हैं। आगामी आदेशों तक स्कूल बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि स्कूल स्टाफ को विद्यालय में उपस्थित रहकर ऑनलाइन कक्षाएं संचालित किए जाने के आदेश किए गए हैं।

## सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्रों का हो रहा है खुला प्रदर्शन

**बैखोफ किशोर हाथों में ले रहे हैं अवैध शस्त्र**

**बुढ़ाना, 22 जनवरी (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बड़कता रोड पर 02 किशोर अलग-अलग स्थानों पर खड़े होकर अपने हाथों में अवैध शस्त्र लिए हुए हैं। बाकायदा एक युवक के दो फोटो अलग-अलग वायरल हो रहे हैं, जिसमें से एक फोटो में वह अपने हाथ में एक अवैध शस्त्र लिए किसी किशोर के साथ खड़ा है। दूसरे फोटो में यह युवक निहत्था खड़ा है, तो इसने किसी अन्य किशोर के हाथ में अवैध शस्त्र देकर फोटो खिंचवाकर उनको सोशल मीडिया में भी वायरल कर रखे हैं। इनका इस तरह से फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना समझ से परे है, लेकिन सवाल यह भी है कि यह अवैध शस्त्र इनके पास आए कहां से हैं और किसने इनको लाकर दिए हैं या ये खुद लाए हैं, तो इन्होंने ये अवैध शस्त्र कहां से खरीदें हैं, यह जांच का विषय है। बुढ़ाना क्षेत्र में अवैध शस्त्रों का प्रदर्शन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस समय-समय पर ऐसे युवाओं को जेल तो भेज दे रही है, लेकिन इसके पीछे का इनका मकसद क्या है, इससे बुढ़ाना पुलिस को कोई भी मतलब नहीं है।? सोशल मीडिया पर अब अवैध शस्त्रों का खुला प्रदर्शन होना कोई नई बात नहीं रह गयी। बुढ़ाना पुलिस की सख्ती के बावजूद भी टशन दिखाने के लिए युवा अवैध हथियारों का सहारा ले रहे हैं। ऐसी ही दो पोस्ट फिर से वायरल हो रही है, जिसमें कुछ युवाओं ने अवैध देसी कट्टों के साथ रील्स बनाई है और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी है। वायरल हो रही इस पोस्ट पर बुढ़ाना पुलिस का कहना है कि बहुत जल्दी ही इन पर कार्रवाई की जाएगी।

## अब ओवैसी बोले: योगी का प्रशासन नहीं, कुशासन है

**मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)।** मीरांपुर विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के आरोपों की खिचड़ी में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी तड़का लगा दिया है। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि ककरौली में एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया। यही नहीं गुंडागर्दी के खिलाफ हिम्मत दिखाने वालों पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं। मतदान को लेकर अखिलेश यादव के बाद आज एक्स पर अपनी पोस्ट में ओवैसी ने कहा कि 80 कार्यकर्ताओं पर केस लगाया गया है। वो ख्वातीन (महिला) जिन्होंने चुनाव के दौरान पुलिस की गुंडागर्दी के खिलाफ हिम्मत दिखाई थी, उन पर झूठे मुकदमे दर्ज कर दिए गए। उन्होंने तंज कसा कि योगी का प्रशासन नहीं, कुशासन है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रत्याशी अरशद राना के बेटे को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे।

## 500 के 50 नकली नोट लेकर जन सेवा केन्द्र पहुंचा युवक

**खतौली, 22 नवम्बर (बु.)।** बैंक के जन सेवा केन्द्र पर ठगी के इरादे से अपने बैंक खाते में 25000 रुपये की रकम जमा कराने आया युवक नोटों के नकली होने पर नगदी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर युवक की तलाश में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के होली चौक रामनगर स्थित एसबीआई के जनसेवा केन्द्र पर शुक्रवार को एक युवक 500 रुपये करेंसी

**नकली करेंसी को बैंक खाते में जमा कराने का किया गया प्रयास, केन्द्र संचालक के नकली नोट पकड़ने पर युवक हुआ फरार**

के कुल 50 नोट लेकर आया था। बताया गया कि उक्त युवक द्वारा जन सेवा केन्द्र के संचालक को 25000 रुपये की यह नगदी देकर उसको उपलब्ध कराये गये एक बैंक खाता नम्बर में जमा करने के लिए कहा गया। युवक से पैसे लेकर केन्द्र संचालक जब उनकी गिनती करने लगा तो उसको नोटों पर संदेह हुआ और वो नकली नजर आये। संदेह गहराने पर केन्द्र संचालक ने युवक से नोटों के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। उसने पूछा कि ये नोट तुम कहां से लेकर आये हो। जब केन्द्र संचालक ने युवक को बताया कि उसके द्वारा दिये गये पैसे नकली हैं तो यह बात सुनते ही युवक वहां रुपये छोड़कर फरार हो गया। इसके बान प्रकरण की गंभीरता को समाते हुए केन्द्र संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सारे प्रकरण की जानकारी केन्द्र संचालक से ली तथा आसपास के दुकानों व मकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालते हुए युवक की पहचान के साथ ही उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## खतौली में ट्रैक्टर-ट्रॉले ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत

**शुगर मिल चौराहे पर हुआ हादसा, बाइक सवार दूसरा युवक भी घायल, मृतक को घसीटता ले गया चालक**

**खतौली, 22 नवम्बर (बु.)।** गन्ने से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉले की टक्कर लगने से हुए हादसे में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाकर आगामी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात जानसठ रोड स्थित शुगर मिल के निकट गन्ने से लबालब भरे ट्रैक्टर-ट्रॉला के चालक द्वारा बाइक में टक्कर मारने से बाइक सवार एक युवक का शरीर बुरी तरह कुचले जाने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। दुर्घटना के सम्बंध में मृतक के भाई संजीव कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसका भाई अमित उर्फ टिंकू अपने साथी अनिल के साथ बाइक द्वारा गांव घटायन से खतौली होते हुए गांव भराला थाना दौराला आ रहा था। जैसे ही उनकी बाइक खतौली में जानसठ रोड स्थित शुगर मिल चौराहे के निकट पहुंची, इसी दौरान तेज गति से आ रहे गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्रॉले के चालक ने लापरवाही बरतते हुए उसके भाई की बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसके भाई के शरीर को बुरी तरह से कुचलता हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉला काफी दूरी तक ले गया, जिसके कारण पीड़ित के भाई अमित उर्फ टिंकू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि बाइक पर दूसरे युवक अनिल को भी मामूली चोटें आई हैं। उल्लेखनीय है कि शुगर मिल में गन्ने का पिराई सत्र प्रारम्भ होते ही जहां जानसठ रोड पर गन्ने से भरे वाहनों का भारी संख्या में आने के कारण उक्त मार्ग पर यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित बनी हुई है, वहीं पुलिस प्रशासन की कृपा दृष्टि के फलस्वरूप मानक के विपरीत वजन की मात्रा की सीमाओं को लांघकर गन्ने भरे ट्रैक्टर ट्रॉलों की तेज गति ने जीटी रोड, जानसठ रोड सहित शुगर मिल से सम्बंधित मार्गों पर वाहन दुर्घटनाओं के बढ़ते ग्राफ का मुख्य कारण माना जा रहा है।

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया।।
(श्रीमद्भगवद्गीता कर्मसंन्यासयोग -नामक अध्याय 18 श्लोक 61)
(हे अर्जुन ! शरीररूप यन्त्रमें आरूढ़ हुए सम्पूर्ण प्राणियोंको अन्तर्यामी परमेश्वर अपनी मायासे उनके कर्मोंके अनुसार भ्रमण कराता हुआ सब प्राणियोंके हृदयमें स्थित है।।)

गुणातीत कर्मयोगी तथा हमारे प्रेरणास्त्रोत
स्वर्गीय लाला हरबंस लाल गोयल



(द्वादश निर्वाण दिवस)
(04 अगस्त 1922 - 23 नवम्बर 2012)
आपके सिद्धान्त, नीति एवं पद-चिह्न ही हमारे आदर्श हैं।

दिनांक - 23.11.2024, श्रद्धांजलि सभा- प्रातः 10:00 बजे
स्थान - एम० जी० पब्लिक स्कूल, सरकुलर रोड़, मु०नगर

एम० जी० पब्लिक स्कूल,
एम० जी० वर्ल्ड विज़न स्कूल
के
प्रधानाचार्या
शिक्षक मण्डल तथा छात्र-छात्राएँ

एम० जी० चैरिटेबल ट्रस्ट
के समस्त पदाधिकारी

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 22 नवंबर (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 23 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1705 : निकोलस रोवे का प्ले युलिसेस का लंदन में प्रीमियर किया गया। 1808: टूडेला की लड़ाई: फ्रेंच मार्शल लेंस ने स्पैनिश सेना को हराया। 1810: अंग्रेजी अभिनेत्री सारा बूथ ने अपने हॉलीवुड करियर की शुरूआत थिएटर रॉयल, कोवेन्ट गार्डन में की थी। 1848: महिला मेडिकल शैक्षिक सोसाइटी बोस्टन में स्थापित की गयी। 1857 : कोलिन कैंपबेल की अगुवाई में अंग्रेजों ने लखनऊ को क्रांतिकारियों के कब्जे से मुक्त कराया 1863: पहली बार रंगीन फोटो बनाने की प्रक्रिया के लिए पेटेंट दी गयी। 1876: पोर्फिरियो डीआज मेक्सिको के राष्ट्रपति बनाये गये। 1890: नीदरलैंड के राजा विलियम तृतीय की मौत हुई। 1890: इटली में पहली बार आम चुनाव हुआ। 1892: लोमानी कांगो के युद्ध में बेल्जियम ने अरब को हराया। युद्ध में करीब 3000 लोग मारे गये। 1909: राइट बंधुओं ने विमानों के उत्पादन के लिए 10 लाख डॉलर की पूंजी से कंपनी की स्थापना की। 1926: आध्यात्मिक गुरु सत्य साईं बाबा का जन्म। 1927: ऑटोमेटेड म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट नाम की कंपनी ने पहला ज्यूक बॉक्स तैयार किया। 1936: फोटो पत्रकारिता में एक अलग पहचान रखने वाली पत्रिका लाइफ का पहला अंक प्रकाशित हुआ। 1937: देश के प्रख्यात भौतिक विज्ञानी, जीवविज्ञानी और पुरातत्वविद् जगदीशचंद्र बसु का निधन। 1946: वियतनाम के हैफ्योंग शहर में फ्रांसीसी नौसेना के जहाज में लगी भीषण आग में 6000 लोग मारे गए। 1967: दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन का जन्म हुआ। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने 2011 में विश्व कप जीता था। 1971: चीन यूएन की सुरक्षा परिषद का सदस्य बना। 1980: इटली में भूकंप के चलते 2600 लोग मारे गये। 1983: देश में पहली बार नयी दिल्ली में राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ। 1984: लंदन के व्यस्ततम ऑक्सफोर्ड सर्कस स्टेशन पर आग लगने से करीब एक हजार लोग तीन घंटे तक धुएं से भरी सुरंग में फंसे रहे। 1990: बीसवीं सदी के सबसे महान लेखकों में शुमार रोल्?ड डाल का निधन। 1992: आईबीएम ने साइमन, एक हैंडहेल्ड, टचस्क्रीन मोबाइल फोन और पीडीए की शुरूआत की, जिसे पहला स्मार्टफोन माना जाता है। 1996: इथियोपियाई एयरलाइंस के अदीस अबाबा से नौरोबी जा रहे बोइंग 767 विमान का अपहरण। ईंधन कम होने के कारण विमान हिंद महासागर में गिरा। 2005: एलेन जॉनसन सरलीफ ने लाइबेरियन आम चुनाव जीता।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 80100 | चांदी- | 93200 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 59745 |

## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 23 नवम्बर, 2024**

**मेष-** शुभ भावनाओं से आत्मिक शांति, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, रचनात्मक क्रिया-कलापों में रुचि, व्यक्तित्व का विकास, परोपकार की भावना जाग्रत।

**वृषभ-** समस्याओं से चिंतित, जीवन साथी से असहयोग, घरेलू सुख में दिक्कतें, पूँजी का प्रतिफल न मिलने से अशांति, मित्रों से तनाव, कर्ज से परेशान, वाहन से भय।

**मिथुन-** ग्रहयोग बेहतर, वाकद्दपटुता से संकल्पसिद्धि, निराशा का समापन, व्यावसायिक उन्नति, प्रगति का मार्ग प्रशस्त, शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कर्क-** परिस्थितियों में सुधार, अध्यात्म में आस्था, सुपरिचितों से विचार विमर्श, आपसी संबंधों में मधुरता, सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि, मानसिक शांति।

**सिंह-** अभिलाषा की पूर्ति का प्रयास, नवयोजना दृष्टिद्दगत, समस्याओं के समाधान, पूँजी का प्रतिफल, सम्मानपरककृत्य सम्पन्न, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

**कन्या-** दिन अशुभ, स्वास्थ्य में व्यवधान, धनागम में निराशा, आत्मीयजनों से कष्टद्द, परीक्षा प्रतियोगिता में असफलता, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक, अपव्यय भी।

**तुला-** ग्रहयोग बेहतर, नवसम्पर्क का सुयोग, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, आपसी सम्बन्ध से कामयाबी, राजनैतिक कृत्यों में संलग्रता, विवाद समापन।

**वृश्चिक-** बुद्धि चातुर्य से संकल्पसिद्धि, आकस्मिक लाभ, स्वयं का निर्णय हितकर, धर्म के प्रति आस्था, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, मनोरंजन में रुझान।

**धनु-** आर्थिक प्रगति हेतु प्रयत्नशील, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुअवसर, राजनैतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, कार्य क्षमता में वृद्धि।

**मकर-** निराशा की स्थिति, आपसी वैमनस्यता, संकल्प सिद्धि में गतिरोध, नव सम्याएँ उत्पन्न, भाग्य में न्यूनता, प्रतिष्ठद्दा पर आघात, असमंजस की स्थिति।

**कुम्भ-** योजना साकार होने की ओर,आपसी वैमनस्यता का समापन, मित्रों से सहयोग, धनागम का अवसर, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, यात्रा सुख।

**मीन-** चिरवांछित कार्य प्रगति पर, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय लाभप्रद, विस्तार की योजना फलीभूत, सुख-सुविधा हेतु प्रयत्नशील, मनोरंजन में रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# कठिन परिश्रम-सिपाही भर्ती परीक्षा में कासमपुर खोला के युवाओं ने कायम की मिसाल

### एक साथ 21 युवकों व 5 युवतियों द्वारा पुलिस परीक्षा पास करने पर गांव में हर्ष का माहौल, ग्रामीणों ने चयनित युवाओं को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया

-राहुल शर्मा-

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों, इस कहावत को आमतौर पर सभी ने सुना होगा, किन्तु गांव कासमपुर खोला के युवाओं ने इस कहावत को चरितार्थ कर साबित कर दिया कि अगर मन में जज्बा और जुनून हो तो इंसान कुछ भी कर सकता है। खेल के मैदान जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित होने के बाद भी कासमपुर खोला के 26 युवक-युवतियों ने एक साथ पहली ही बार में पुलिस लिखित परीक्षा पास कर धमाल करते हुए मिसाल कायम कर दी। युवाओं के इस धमाल से गांव में जश्न का माहौल है ग्रामीणों ने सभी युवाओं को मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। वैसे तो मीरापुर क्षेत्र का गांव कासमपुर खोला किसी पहचान का मोहताज नही है गांव के करीब 190 युवक सरकारी सेवाओं में कार्यरत है गांव के करीब 60 युवाओं द्वारा संचालित "युवा जागृति मंच" युवाओं को सरकारी सेवाओं में जाने के लिए प्रेरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन करता है। इसी का नतीजा है कि गुरूवार को आये उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा परिणाम में इस गांव के 26 युवक-युवतियों, जिनमें 21 युवक व 5 युवतियों ने एक साथ लिखित परीक्षा पास की है। पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने वालें युवाओं में शामिल पुष्पेंद्र, सुमित कुमार, रोबिन कुमार, अतुल कुमार, अंकुर कुमार, नारायण सिंह, शिवम, प्रिंस, वीशु, शिवम, सुधांशु, सोनेंदर, गौरव, सुमित, अनुज, जतिन, सौरभ, श्रीकांत, आकाश, शिवांगी, अनिल कुमार, नितिन, पारूल, कीर्ति, रितु, रश्मि के इस धमाल से पूरा गांव खुशी से झूम उठा तथा ग्रामीणों ने गांव के शिव मंदिर पर सभी युवाओं को एकत्र कर जश्न मनाया तथा सभी को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सम्मान किया।

## चार परिवारों के 8 सगे भाई और बहनों ने एक साथ परीक्षा पास की

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस लिखित परीक्षा में पास हुए कासमपुर खोला गांव के सभी युवाओं ने जहाँ धमाल मचाकर आसपास के गांवों के युवाओं को एक संदेश दिया है। वही इस पुलिस भर्ती परीक्षा को पास करने वाले 8 युवा ऐसे भी है, जो आपस में सगे भाई-बहन है। चार परिवार से आठ बच्चों के परीक्षा पास करने से सभी परिवारों में खुशी का माहौल है। ग्रामीण ब्रह्म सिंह की पुत्री रश्मि व पुत्र सुमित तथा ग्रामीण सुमतपाल के पुत्र प्रिंस व पुत्री पारुल तथा ग्रामीण सिताब सिंह के दो पुत्रों शिवम व सुधांशु तथा एक अन्य ग्रामीण रतन सिंह के पुत्र रोबिन व सुमित ने एक साथ पुलिस भर्ती परीक्षा पास की है। अपने घरों से दो दो बच्चों के पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने पर परिवार के सदस्यों में बेहद खुशी का माहौल है। अभिभावकों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। कासमपुर खोला में पुलिस भर्ती परीक्षा में एक साथ पास हुए सभी 8 भाई-बहनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा पुलिस भर्ती परीक्षा में पास होने के लिए एक दूसरे को श्रेय दिया।

## सभी ने एक साथ की तैयारी, ऑनलाइन क्लास की भी मदद ली, ग्रामीणों ने की सराहना, खेल के मैदान की बताई आवश्यकता

**मीरापुर, 22 जनवरी (बु.)।** पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने वाले सभी युवाओं में जोश व जुनून देखते ही बनता है। पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने के बाद उत्साहित युवाओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व उनका उत्साहवर्धन करने वाले गांव के ही तीन शिक्षकों अमित कुमार, मदनपाल सिंह व रोहिल सिंह को दिया। ग्राम प्रधानपति व ग्रामीणों ने भी युवाओं की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की है। सभी युवाओं ने बताया कि वह सब एक साथ भर्ती की तैयारी करते थे, ज्यादातर ऑनलाइन तैयारी भी करते थे। कुछ लाइब्रेरी में ऑनलाइन तैयारी करते थे तथा सभी करीब 5 से 6 घण्टे मेहनत करते थे। उनकी इसी मेहनत का फल उन्हें मिला है। पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने वाली पारुल ने बताया कि वह किसान परिवार से है, उसकी इस उपलब्धि में उसके परिवार का सबसे बड़ा हाथ है। परिवार ने हमेशा उसका उत्साहवर्धन किया है तथा उसके साथ परीक्षा पास करने वाले उसके भाई प्रिंस ने उसका मनोबल कभी नहीं गिरने दिया, वहीं रश्मि का भी यही कहना है कि उसकी सफलता में सबसे ज्यादा परिवार का योगदान है, उसके माता-पिता व भाई ने



हमेशा उसे प्रेरित किया है। रश्मि ने गांव में खेल के मैदान की जरूरत बतायी। ....इन्होंने बताया कि गांव के सभी युवाओं ने कड़ी मेहनत की है करीब 70 युवाओं ने पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी, जिनमें से 26 ने परीक्षा पास की है। बाकी को निराश होने की आवश्यकता नहीं है, वे पुनः तैयारी करें सफलता उनके कदम चूमेंगी।-संदीप शर्मा ग्रामीण.....गांव के सभी युवाओं में सरकारी सेवाओं में जाने का गजब का जुनून है। गांव के निकट युवाओं ने भर्ती की तैयारी के लिए खुद ट्रेक तैयार कर रखा है, जल्द ही गांव में स्टेडियम बनने जा रहा है, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर चुके हैं। पंकज कुमार प्रधानपति के युवाओं का सरकारी सेवाओं में जाने के लिए उत्साहवर्धन करने के लिए युवा जागृति मंच प्रत्येक वर्ष होली पर प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करता है। पुलिस भर्ती परीक्षा में पास सभी युवाओं ने अपनी कड़ी मेहनत से अपने सपने को साकार किया है। -अमित कुमार शिक्षक.....गांव के सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करने वाले शिक्षक रोहिल सिंह का कहना है कि कासमपुरखोला के युवाओं ने अपनी मेहनत से मिसाल कायम की है तथा आसपास के गांवों के बच्चों के लिए प्रेरणा बने है। सभी को बधाई-रोहिल सिंह शिक्षक.....सभी बच्चों ने गांव का नाम रोशन किया है, हमें इन पर गर्व है। गांव के सभी बच्चे मेहनती हैं, जो इस बार रह गये हैं, वे दोबारा सफल होंगे।-रामसिंह गुर्जर पूर्व प्रधान

## चेयरपर्सन ने बुलेटिन संपादक का किया स्वागत, संपादक ने जताया चेयरपर्सन का आभार

### पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, रमेश खुराना ने दी बधाई, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा व विकल्प जैन भी पहुंचे बुलेटिन कार्यालय

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** पंजाबी समाज के अध्यक्ष बनने के बाद से ही मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर सम्पादक अंकुर दुआ को बधाई देने का तांता लगा है। इस बीच जनपद भर से विभिन्न व्यापारिक, धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक दलों के गणमान्य भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ को पंजाबी समाज की ओर से पंजाबी समाज समिति मुजफ्फरनगर का अध्यक्ष बनाने पर बधाई देने पहुंच रहे हैं। शनिवार को इसी कड़ी में नगरपालिका परिषद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर पहुंच उन्हें बधाई दी। इसके अलावा यहां शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व भाजपा कोषाध्यक्ष रमेश खुराना ने भी मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ को पंजाबी समाज की ओर से मिली इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन की स्वामी प्रकाशक व मुद्रक पूजा दुआ ने भी चेयरपर्सन समेत अन्य गणमान्यों का बुलेटिन कार्यालय पर पधारने पर आभार व्यक्त किया।

शनिवार को मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर पहुंची नगर पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने इस दौरान बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ से नगर के विकास एवं साफ-सफाई आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके अभियान में सहयोग की अपेक्षा की। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को हर अच्छे कार्य में सहयोग किए जाने के प्रति बुलेटिन परिवार की ओर से भरोसा दिलाते हुए यहां पधारने पर उनका आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बुलेटिन समाज सुधार के साथ नगरीय क्षेत्र की समस्या निदान को स्वयं मुहिम छेड़े हुए है, जिसमें नगरीय क्षेत्र में जाम की समस्या से लोगों को मुक्ति दिलाने के साथ ई-रिक्शाओं के नियमित संचालन, पार्कों के सौंदर्यीकरण, ग्रीन एंड क्लीन नगर बनाने को हर स्तर पर तत्पर है। इस दौरान उन्होंने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला और भाजपा कोषाध्यक्ष रमेश खुराना के अलावा चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ आए सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा व पूर्व सभासद विकल्प जैन का भी यहां पहुंचने पर स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## बीईओ बुढ़ाना के तुगलकी निर्देश से तिलमिलाए बेसिक शिक्षा टीचर

### प्रदूषण के कारण डीएम के स्कूल बंदी आदेश के खिलाफ स्कूल खोलने पर दिया जोर

**बुढ़ाना, 22 जनवरी (बु.)।** खंड शिक्षा अधिकारी के तुगलकी फरमान से सरकारी स्कूलों के शिक्षक हैरान और परेशान हैं। उनका कहना है कि डीएम के निर्देश पर पूरे जिले के सरकारी स्कूल बढ़ते प्रदूषण को लेकर बंद किए गये हैं, लेकिन बुढ़ाना ब्लॉक के सभी स्कूलों को खंड शिक्षा अधिकारी ने खोलने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि बच्चे भले ही ना आएं, लेकिन शिक्षक पूरे समय आएंगे और सभी स्कूलों को खुला रखेंगे। एक शिक्षक ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बतलाया कि खंड शिक्षा अधिकारी का यह तुगलकी फरमान शिक्षकों के लिए मुसीबत से कम नहीं हैं। डीएम के ऐसे आदेशों के बावजूद स्कूलों को खुला रखना कहां का न्याय है, उनके शिक्षकों के प्रति ऐसे रवैय्ये से वे बहुत ही दु:खी हैं और उनको बिना स्कूली बच्चों के रोजाना स्कूल में आना पड़ रहा है। बच्चे स्कूल में नहीं हैं, तो क्या शिक्षक स्कूलों में जाकर ताता-थईया करें या एक दूसरे की शक्ल देखें। कुल मिलाकर खंड शिक्षा अधिकारी का स्कूलों को खुले रखने का आदेश बिल्कुल भी सही नहीं है। उनको अपना ये आदेश वापस लेना चाहिए, क्योंकि डीएम पहले ही सार्वजनिक कर चुके हैं कि पूरे जनपद के स्कूल बंद रहेंगे, लेकिन बुढ़ाना ब्लॉक के स्कूल खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खोलकर शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जबकि आसपास के अन्य ब्लॉकों में छुट्टी है। खंड शिक्षा अधिकारी को फिर से अपने आदेशों पर विचार करना चाहिए कि ये आदेश ठीक है या नहीं। इस संबंध में जब बीईओ से बात करनी चाही, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### पीएचसी पर उपकरण तक नहीं, कागजों में करा दिया प्रसव

**शाहजहांपुर, 22 नवंबर (एजेंसी)।** लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के नाम पर अधिकारियों की आंख में धूल झोंकी जा रही है। बृहस्पतिवार को सीडीओ के निरीक्षण सच्चाई सामने आ गई। ऑनलाइन पोर्टल पर संचालित डिलीवरी प्वाइंट में कागजों पर प्रसव करा दिया गया। सीडीओ को प्रसव केंद्रों के अंदर उपकरण तक नदारद मिले। कमरों में कबाड़ भरा मिला और प्रसव में उपयोग होने वाली रूई पर फंगस लगी मिली। पुवायां ब्लॉक की गंगसरा उपस्वाथ्य केंद्र डिलीवरी केंद्र पर सीडीओ डॉ.अपराजिता सिंह पहुंचीं तो वहां ताला लगा मिला। चाभी नहीं मिलने पर ताला तुड़वाकर अंदर जाने पर प्रसव संबंधी उपकरण व सामग्री तक नदारद थी।

## सपा ने मनाई पार्टी संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती

### सांसद हरेन्द्र मलिक, कादिर राणा समेत सपा नेताओं ने किया नमन

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** सपा कार्यालय पर पार्टी संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री, देश के रक्षा मंत्री रहे पार्टी में नेताजी के नाम से विख्यात मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। इस दौरान लोकसभा सांसद व सपा के राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र मलिक ने उन्हें किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के हित में हमेशा संघर्ष करने वाले तथा हर समाज को राजनीति में हिस्सेदारी व सम्मान देने वाले देश के बड़े नेता बताते हुए उनको नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद कादिर राणा ने मुलायम सिंह यादव को गरीबों, मजलूमों एवं दबे-कुचले लोगों की आवाज उठाने वाले तथा देश की राजनीति को नई दिशा देने वाले महान नेता बताते हुए उनके संघर्ष पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमार यादव, राकेश शर्मा, महेश बंसल, इलम सिंह गुर्जर, जिया चौधरी, सत्येंद्र सैनी, विनय पाल सिंह, मौलाना मोहम्मद नजर, साजिद हसन, धर्मेंद्र पंवार, सुरेश पाल सिंह, पवन बंसल, अंकित शर्मा, धनवीर कश्यप, तहसीन मंसूरी, सलीम मलिक, सचिन पाल, सुमित पंवार बारी, काजी इरफान, पवन पाल, रामपाल सिंह, अब्दुल्ला कुरैशी, हारून खां, हाजी गुफरान एवं विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दबंग करना चाह रहे हैं अवैध कब्जा, परिवार ने दिया धरना

**बुढ़ाना, 22 जनवरी (बु.)।** अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी दबंगों के खिलाफ कार्यवाही न होने पर पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को बुढ़ाना तहसील में धरना शुरू कर दिया। मनीष कश्यप पुत्र राजवीर ग्राम कुरावा फुगाना ने बताया कि उसने बीते वर्ष 10 मार्च को एक खाली प्लाट वीर एन्कलेव कॉलोनी नई तहसील के पीछे सफीपुर पट्टी बुढ़ाना में खरीदा था। उसके प्लाट के आगे वरुण मित्तल गुंडों के बल पर कब्जा कर गेट का पिलर बना रहे थे। पता चला, तो वे बीती मंगलवार को मौके पर गये और उन्हें रोका, तो उन्होंने उसको, उसकी पत्नि रूबी, माता बाला, चाची मिथलेश, भाभी दीपा व पिता राजवीर को अवैध शस्त्रों के बल पर भगा दिया था। उसने बताया कि जब हमने प्लाट लिया, तो हमारे प्लाट के आगे कुछ नहीं था। फ्रंट हमारा है। वरूण हमारे प्लाट के आगे 20 फुट जगह घेर रहा है तथा बिजली का जोड़ा और खम्भा हमारे प्लाट के गेट के सामने लगवाना चाहता है। बीती बुधवार को भी उसने मुझे जान से मारने की पूरी कोशिश की। उसने सम्बंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। तब उसने मजबूरी में परिवार और समाज के लोगों के साथ तहसील परिसर में धरना शुरू कर दिया। उसकी मांग है कि पुलिस आरोपी वरुण के खिलाफ कार्यवाही करे, नहीं तो उसका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## गांव भूम्मा के शुभ ने नेशनल स्कूल खेल (कुश्ती) प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता

**मीरापुर, 22 नवम्बर (बु.)।** गोरखपुर में आयोजित 68वीं नेशनल विद्यालय खेल (कुश्ती) प्रतियोगिता में मीरापुर के भूम्मा निवासी किसान के पुत्र शुभ हूण ने 62 किलोग्राम वर्ग भार में हरियाणा के पहलवान को हराकर गोल्ड मैडल जीत लिया। शुभ के गांव में पहुँचने पर ग्रामीणों ने उसका भव्य स्वागत किया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में गोरखपुर में कुश्ती महाकुंभ में पांच दिन तक चलने वाली 68वीं नेशनल विद्यालय खेल (कुश्ती) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

16 नवम्बर से शुरू होकर 20 नवम्बर तक चली प्रतियोगिता में पूरे देश के स्कूलों के करीब 100 पहलवानों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 62 किलोग्राम वर्ग भार में उत्तराखंड के मंगलौर स्थित नेहरू इंटर कॉलेज के कक्षा 8 के छात्र मीरापुर के गांव भूम्मा निवासी किसान मोहनवीर के पुत्र शुभ हूण ने अपने प्रतिद्वंद्वी हरियाणा के पहलवान को फाइनल कुश्ती में पटखनी देकर गोल्ड मैडल जीतकर अपने स्कूल व गांव का नाम रोशन किया। गोल्ड मैडल जीतने के बाद शुभ ने इसका श्रेय अपने कुश्ती के गुरु भूम्मा निवासी रविन्द्र पहलवान को दिया। गोल्ड मैडल जीतने के बाद शुक्रवार को गांव पहुँचने पर ग्रामीणों ने शुभ हूण का भव्य स्वागत किया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी-पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में पहुंच प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम दो सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपते हुए समस्याओं के निदान कराने की मांग की। जिला प्रशासन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री व यूपी के मुख्यमंत्री के नाम भेजे मांग पत्र में बताया कि राशिकरण की धनराशि की वसूली 10 वर्ष पर बंद करने व अधिक वसूली की गई धनराशि को पेंशनर के खाते में वापस करने और पेंशनर को अवधि के आधार पर पेंशन में बढ़ोतरी किए जाने के लिए आवाज उठाई।शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने संगठन के परिक्षेत्रीय संगठन मंत्री एमए अलवी के नेतृत्व में डीएम दरबार में पहुंच प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए दो सूत्रीय मांग पत्र में इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने देश के प्रधानमंत्री व यूपी के मुख्यमंत्री के नाम भेजे मांग पत्र में बताया कि राशिकरण की धनराशि की वसूली 10 वर्ष पर बंद करने व अधिक वसूली की गई धनराशि को पेंशनर के खाते में वापस करने और पेंशनर को अवधि के आधार पर पेंशन में बढ़ोतरी किए जाने के लिए आवाज उठाई। उन्होंने मांग पत्र में पेंशनर की 65, 70, 75 वर्ष पर क्रमशः 5, 10 और 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी किए जाने की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा, भोपाल सिंह, अशोक शर्मा, महक सिंह समेत बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज

**बुढ़ाना, 22 जनवरी (बु.)।** परवेज आलम मलिक पुत्र उम्मेद अली निवासी नई बस्ती तहसील के पीछे बुढ़ाना ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती बृहस्पतिवार की देर रात उसका भाई समरेज मलिक पुत्र मुकीद अहमद व चचेरा भाई नेजम मलिक पुत्र मुकीम अहमद निवासीगण सफीपुर पट्टी नई तहसील के पीछे बुढ़ाना खाना खाकर टहल रहे थे। तभी भाजपा नेता अंकुश राठी, छोटू और अंशुल निवासीगण बुढ़ाना समेत अन्य युवकों ने अकारण ही लाठी डंडे और सरियों से जान से मारने की नीयत से एक साथ हमला बोल दिया। जिसमें समरेज और नजम के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटें आई हैं। समरेज बेहोश होकर मौके पर ही गिर गया और उसके सिर से काफी खून बह गया। बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले में भाजपा नेता अंकुश राठी सहित अन्य कई के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी भाजपा नेता अंकुश राठी ने इसे मामूली सी बहस बताया है।

## सुरसुरी वाला गेहूं बांटा, लोगों ने हंगामा काटा, पशुओं को जा रहा राशन का गेंहू

**बुढ़ाना, 22 जनवरी (बु.)।** राशन लेने आए सैंकड़ों उपभोक्ताओं ने शुक्रवार की सुबह उस समय जमकर हंगामा काटा, जब उन्हें वितरण के दौरान गेहूं में असंख्य सुरसुरी दिखाई दी। राशन डीलर की चेतावनी के बाद उपभोक्ता अपना गेहूं पशु पालकों को बेचते हुए नजर आए। उपभोक्ताओं ने पूर्ति अधिकारी और एसडीएम से इस और ध्यान दिए जाने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह सैंकड़ों उपभोक्ता कस्बे के बड़कता रोड पर स्थित राशन डीलर योगेश कुमार के यहां पर राशन लेने गये, तब राशन डीलर ने अपने सहयोगी को इशारा करते हुए गेहूं से भरे हुए वे बोरे खुलवाए जो पुराने थे। जब उनको मौके पर सभी उपभोक्ताओं के सामने खोला गया तो सभी उपभोक्ता अवाक रह गये, क्योंकि बोले में जो गेंहू था, उसमें असंख्य सुरसुरी थी, जिसको लेकर सभी उपभोक्ताओं का पारा गरम हो गया और और उन्होंने राशन डीलर पर अपना नजला उतारते हुए सुरसुरी वाला गेहूं लेने से साफ इंकार कर जमकर हंगामा काटा, जिस पर राशन डीलर ने भी साफ शब्दों में कह दिया कि जिसको ये गेहूं लेना हो लो नहीं तो यहां से जाओ। तब कुछ उपभोक्ता तो राशन डीलर को भला बुरा कहकर बैरंग हो गये, तो कुछेक उपभोक्ताओं ने सुरसुरी वाले गेहूं लेकर पशु पालकों को आधे दामों में गेहूं बेचकर मार्किट से आटा लेने में ही भलाई समझी। उपभोक्ताओं ने इस सम्बंध में एसडीएम राजकुमार भारती, पूर्ति अधिकारी आशीष श्रीवास्तव से इस ओर ध्यान दिए जाने की गुहार लगाई है।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## अडानी, राहुल, बाइडन, सोरोस

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी तथा छह अन्य लोगों पर न्यूयॉर्क की अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किए गए हैं। ये सभी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अजूर पावर ग्लोबल से जुड़े हैं। अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने आरोप लगाया है कि गौतम अडानी और उनके सहयोगियों ने भारत में अपनी रिन्युबल एनर्जी कंपनी के लिए 25 करोड़ डॉलर यानी तकरीबन दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत दी और अमेरिका में पूंजी जुटाने के वक़्त निवेशकों से ये जानकारी छिपाई। साथ ही कहा है कि अभी ये मात्र आरोप हैं, अपराध साबित होने तक कोई आरोपी दोषी नहीं हैं। इस खबर के आते ही राहुल गांधी काफी उत्साहित हो गए। हालांकि जिन राज्यों में रिश्वत देने की बात कही जा रही है, उनमें भाजपा की सरकार नहीं थी, जिस व्यक्ति ने यह आरोप लगाए हैं, वह जो-बाइडन का करीबी है और उसका लिंक अमेरिकी सटोरिये जार्ज सोरोस से भी है। अमेरिका में इनडाइटमेन्ट, वकील की ओर से दाखिल किया गया लिखित आरोप पत्र होता है और जिस वकील ने आरोप-पत्र दाखिल किया है वो जो-बाइडन द्वारा नियुक्त है। कहा जा रहा है कि जो-बाइडन जाते-जाते उल्टे सीधे काम निबटा कर जाएंगे। भले ही अडानी दोषी साबित हो जाएं, लेकिन यह भी सच है कि इस मामले में भारत के विकास की विरोधी टूल किट बहुत दिलचस्पी ले रही है, जबकि अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को निराधार बताया है। गुरुवार तड़के जैसे ही यह खबर आई तो दुनिया भर के मीडिया में छा गई। राहुल गांधी ने तो गौतम अडानी की गिरफ़्तारी की मांग की है और प्रधानमन्त्री मोदी से सांठगांठ का आरोप भी लगा दिया। जैसे ही शेयर बाजार खुला, अडानी समूह से जुड़ी कंपनियों के शेयर 20 प्रतिशत तक गिर गए। अडानी ग्रुप को भारी नुकसान हुआ। अडानी समूह ने गुरुवार दोपहर एक बयान जारी कर इन आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि सभी आरोप बेबुनियाद हैं। अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन करते हुए अडानी ग्रुप ने जारी बयान में कहा कि अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट और एक्सचेंज कमीशन द्वारा अडानी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं और हम उनका खंडन करते हैं। अडानी के करीबियों का कहना है कि यह सब उन्हीं तत्वों की साजिश है, जो भारत और उसकी आर्थिक प्रगति को देखकर बहुत बेचैन रहते हैं। अफसोस यह है कि भारत का विपक्ष भी मोदी विरोध में अंधा होकर भारत विरोधियों के साथ खड़ा हो गया है। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा उद्योगपति गौतम अडानी पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी का आरोप लगाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हमले का जवाब दिया। जवाबी हमले में भारतीय जनता पार्टी ने भी कांग्रेस नेता पर निशाना साधने के लिए जॉर्ज सोरोस का नाम लिया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने जॉर्ज सोरोस जैसी भाषा बोलने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की और कांग्रेस नेता पर निवेशक की ओर से इंडिया इंक पर हमला शुरू करने का आरोप लगाया। मालवीय ने जॉर्ज सोरोस का एक पुराना वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वह पीएम मोदी और अडानी पर एक दूसरे का साथी होने का आरोप लगा रहे थे। सोरोस वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं कि मोदी और बिजनेस टाइकून अडानी करीबी सहयोगी हैं। उनका भाग्य आपस में जुड़ा हुआ है। अडानी एंटरप्राइजेज ने शेयर बाजार में फंड जुटाने की कोशिश की, लेकिन असफल रही। अडानी पर स्टॉक में हेरफेर का आरोप है और उनका स्टॉक ताश के पत्तों की तरह ढह गया। वीडियो का उपयोग करते हुए मालवीय ने डोनाल्ड ट्रंप के आसन्न राष्ट्रपति पद और अडानी द्वारा 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्यवर्ग के बांड की पेशकश की योजना के बीच अमेरिकी न्याय विभाग के अवलोकन के समय पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह फिर एक संयोग नहीं हो सकता है कि अमेरिकी न्याय विभाग का अवलोकन, अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प के निवर्तमान शासन पर न्याय विभाग को ढेर करने, दुरुपयोग करने के आरोप के बीच आया है और अडानी 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्यवर्ग के बांड की पेशकश की योजना बना रहे हैं? अडानी को लेकर आने वाले महीनों में राजनीतिक विवाद और बढ़ सकता है। डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ में जल्द ही अमेरिका की कमान आने वाली है और अगर वह चाहेंगे, तो भारत के साथ डील कर सकते हैं। ट्रम्प की नजर में भारत और अडानी चीन के एकाधिकार के खिलाफ अहम साझेदार हैं। अडानी से जुड़े मामलों की जानकारी रखने वालों ने बताया है कि ट्रम्प के परिवार के सदस्य अडानी के अहमदाबाद स्थित आवास पर भी गए हैं। ऐसे मामले में अभियोजन में वर्ष तो नहीं, लेकिन महीनों लगेंगे और यह ट्रम्प के जस्टिस डिपार्टमेंट पर निर्भर करेगा कि उसका रुख क्या होता है। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा है कि अडानी कोई सामान्य भारतीय अरबपति नहीं हैं। अडानी को भारत की सरकार के विस्तार के रूप में देखा जाता है। अडानी समूह पोर्ट बनाता है और खरीदता भी है। ऐसा अक्सर भारत सरकार के अनुबंधों या लाइसेंस के जरिए होता है। अडानी के पावर प्लांट्स हैं और एयरपोर्ट के संचालन की ज़िम्मेदारी भी है। अब तो अडानी के पास टीवी न्यूज चैनल का भी स्वामित्व है। 2014 से पहले मनमोहन सिंह की सरकार में भी अडानी ने खूब तरक्की की। न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा है कि भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी इसी गर्मी में अडानी के सोलर ऊर्जा प्रोजेक्ट देखने गए थे। गार्सेटी ने देखने के बाद अडानी को प्रेरक व्यक्ति बताया था। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा है कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के साथ विदेशी दौरे में गौतम अडानी भी जाते रहे हैं। दोनों के दौरों में अडानी ग्रुप के कारोबारी समझौते भी हुए हैं। ये समझौते श्रीलंका से लेकर इसराइल तक में हुए हैं। अडानी भारत में पीएम मोदी की ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग नीतियों का पालन करते हैं और इससे उन्हें राजनीति से डील करने में मदद मिलती है। अडानी की कारोबारी कामयाबी को भारत के उभार के रूप में देखा जाता है। वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा है कि अडानी पर अमेरिका में लगे आरोपों से भारत और अमेरिका के संबंध जटिल हो सकते हैं। हाल के वर्षों में अडानी को भारत के भीतर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"वोट" "नेता" "सियासत" "कैमरा"

उन्हें कम वोट मिलते हैं, मगर वो खास नेता हैं,
सियासत फेल है उनकी बहुत सुरखी में रहते हैं।
दिखा जो कैमरा उनको वो कुछ भी बोल देते हैं,
नशा करते हैं वो ऐसा, गजब धुनकी में रहते हैं।

अष्टम पुण्य तिथि

जन्म दिवस 01-02-1952
निर्वाण दिवस 23-11-2016

स्व: श्री अशोक कुमार शर्मा

परमपूज्य पिताश्री की पुण्यतिथि ...
पापा... क्या अर्पण करूँ आपको मेरे हाथ तो रिक्त हैं.. शून्य हैं
हाँ आपके नाम से एक तरुवर लगाना चाहता हूँ ..... पापा
जो इस जगत को छाया और हमें हरपल प्रेरित करता रहे।
जब-जब हम कर्तव्यहीन या विवेकहीन हो जाएं.....
आपको देखकर हमारी आँखों में आँसू
व हृदय में धर्म व आपके संस्कारों की
उत्पत्ति होती रहे..... पापा

-: शोकाकुल परिवार :-
ममता शर्मा (धर्मपत्नी)
विकास शर्मा-पारुल शर्मा, विनय शर्मा- कोमल शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
शालू शर्मा-कमलकांत शर्मा (पुत्री-दामाद), आराध्या, इशिता (धेवती)
शिवम शर्मा, कन्हैया शर्मा, माधव शर्मा (पौत्र), राधिका (पौत्री)

## एसएसपी आवास पर सिपाही ने गोली मारकर की आत्महत्या

**सहारनपुर, 22 नवम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में गुरुवार देर एक बड़ी वारदात हुई। यहां एक सिपाही ने एसएसपी आवास के पर खुद को गोली मारकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया गया कि सिपाही काफी समय से तनाव में था। सहारनपुर जनपद में एसएसपी आवास पर तैनात एक सिपाही ने सरकारी बंदूक से खुद को गोली मार ली। सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। सिपाही की ड्यूटी पहरे में लगी थी। गोली की आवाज सुनकर एसएसपी आवास परिसर में भगदड़ मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सिपाही काफी से तनाव में था। थाना जनकपुरी क्षेत्र में देहरादून रोड पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण का आवास है। अमित कुमार (37) की ड्यूटी एसएसपी आवास पर पीछे की तरफ पहरे में लगी थी। गुरुवार की देर रात अमित ने अपनी सरकारी बंदूक से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आवास परिसर में अफरा-तफरी मच गई। परिसर में ड्यूटी कर रहे अन्य सिपाही मौके पर पहुंचे तो देखा कि अमित खून से लथपथ पड़ा है। मौके पर पहुंची थाना जनकपुरी पुलिस ने जानकारी जुटाई। सिपाही अमित मेरठ के बहसूमा गांव का रहने वाला है, जो काफी समय से तनाव में चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। वहीं, पुलिस ने परिजनों को सूचना दी गई। परिजन भी कुछ देर बाद सहारनपुर पहुंच जाएंगे। पुलिस के मुताबिक, अमित कुमार 2010 में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। नौकरी लगने से पहले ही उसकी शादी शिल्पा से हुई थी। सिपाही के एक बेटा-बेटी है।

## डेढ़ लाख रूपये से ऊपर का टिकट होने के बावजूद भी प्रशंसकों का दिल जीत गये दिलजीत

### - लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मचाया भौकाल
### - चर्चा का विषय बनी मोर पंख देती लड़की



**लखनऊ, 22 नवम्बर (एजेंसी)।** लखनऊ में पंजाबी सिंगर व एक्टर दिलजीत दोसांा का लाइव शो इकाना स्टेडियम में हुआ। शानदार एंट्री के साथ दिलजीत ने कहा कि लखनऊ में भौकाल मचा देंगे। उन्होंने यह कहा कि मीडिया में यह बातें चल रही हैं कि दिलजीत वर्सेज दिस, दिलजीत वर्सेस दैट। ऐसा कुछ नहीं है, मो सबसे प्यार है, मैं किसी के साथ मुकाबला नहीं करता। मैं जहां भी जाता हूं अपना शानदार प्रोग्राम देता हूं। उन्होंने कहा कि मो बिना पटियाला पैग के गानों को हिट करने का चैलेंज मिला है, तो मैं बता दूँ बिना पटियाला पैग के भी मेरे कई गाने हिट हैं और आप गानों में सेंसरशीप लगाना चाहते हैं तो पहले आपको भारतीय सिनेमा पर सेंसरशिप लगाना होगा। शो के बीच एक लड़की उनकी इजाजत से स्टेज पर पहुंची और दिलजीत को मोरपंख भेंट कर उनका दिल जीत लिया। दिलजीत का जुनून प्रशंसकों के सिर चढ़कर पहले से ही बोल रहा था। दर्शकों ने बताया कि दो हजार पांच सौ रूपये से शुरू हुई टिकट उनको दस हजार में खरीदनी पड़ी। मगर उसका भी उन्हें कोई अफसोस नहीं हैं, क्योंकि वे दिलजीत से प्यार करते हैं और प्यार की कोई कीमत नहीं होती। दिलजीत के शो में युवतियां उनकी फैन दिखी और सिर्फ लखनऊ से ही नहीं कानपुर, हरियाणा, पंजाब से उनके प्रशंसक वहां पहुंचे। उन्होंने शिकायत भरे लफ्जों में कहा कि बड़े-बड़े एक्टर शराब पीकर फिल्म और गाने करते हैं, मगर टारगेट सिर्फ हम जैसे कलाकारों को ही बनाया जाता है, क्योंकि हम साफ्ट टारगेट हैं। हमारा काम सस्ता नहीं है, एक्टरों से भी महंगा हमारा काम है। आपको बता दें कि पिछले 15 दिनों से लखनऊ में दिलजीत के शो के चर्चे इतने महंगे थे कि अग्रिम पंक्ति में खड़े होने व बैठने की टिकटों की कीमतों जो डेढ़ लाख रूपये से ऊपर की थी पहले ही बिक गयी थी, जबकि इन टिकटों की दस ढ़ाई हजार रूपये से शुरू होती है, मगर दिलजीत को करीब से देखने की जिद ने इतनी महंगी टिकट एडवांस में ही बिकवा दी। दिलजीत का शो समाप्त होने के बाद लोग दो से चार किमी. के जाम में लखनऊ की सड़कों पर फंसे दिखाई दिये।

## विधि विधान के साथ प्रारंभ हुआ श्रीकाल भैरव जी का पूजन

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** चरथावल क्षेत्र के गांव कल्लरपुर स्थित महाकाल बटुक भैरव बाबा सिद्ध पीठ मंदिर में 4 दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। आचार्य पंडित सरवन शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई गई। सर्वप्रथम गणेश पूजन करते हुए वेदी पूजन, 64 योगिनी पूजन, शनिदेव जी का अभिषेक, मां शाकुंभरी देवी की पूजा, भगवान शंकर की रुद्राभिषेक करते हुए पूजा की गई। इसके बाद रात्रि में श्री महाकाल बटुक भैरव बाबा जी का पूजन विधि विधान के साथ किया गया। श्री काल भैरव जी के पूजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही। इसके बाद श्री महाकाल की विशाल आरती और प्रसाद वितरण किया गया। भैरव अष्टमी महोत्सव में 24 घंटे भंडारा आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में महंत ठा. नकली सिंह, राम कुमार पुंडीर, अमित पुंडीर, राज कुमार पुंडीर, हरपाल चौहान, पवन पांचाल, मुकेश धीमान, योगेश कुमार, सोनू कुमार, संजू कुमार, सुमित कुमार, अंकित, अमन, नीरज, रजत, उमेश, शांति देवी, उषा देवी, अंजना देवी, प्रियंका देवी, दीपिका देवी, वैष्णवी, अभय प्रताप, पं. कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## एमजी पब्लिक में रविवार को लगेगा आंखों का विराट कैम्प

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बुस.)। एमजी पब्लिक स्कूल में रविवार को आँखों के निःशुल्क विराट केंप के आयोजन किया जायेगा। सूचना के अनुसार रविवार को विद्यालय परिसर में वरदान सेवा संस्थान, गाजियाबाद के सहयोग से संस्थापक अध्यक्ष स्व. हरबंस लाल गोयल एवं स्व. विमलावती देवी के सम्मान में आँखों के निःशुल्क विराट केंप का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प प्रातः साढ़े नौ बजे से साढ़े बारह बजे तक रहेगा।**

## बेटे के साथ झगड़े की सूचना पर पहुंचे पिता की मौत, हत्या का आरोप

**सहारनपुर, 22 नवम्बर (बु.)।** सहारनपुर जनपद के नकुड़ गांव फतेहपुर जट में खेत की जुताई करने गये बेटे के साथ मारपीट की सूचना पर पहुंचे पिता की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने दूसरे गांव के कुछ लोगों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर सीओ व कोतवाल ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। गांव फतेहपुर निवासी जावेद पुत्र इकराम ट्रेक्टर से किराये पर खेतों की जुताई का काम करता है। शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे वह गांव के ही एक व्यक्ति का खेत जोतने के लिए गया था। बताया जाता है कि जुताई के दौरान ट्रेक्टर से गांव नठौड़ी निवासी किसान की मेढ कट गई। इसी बात को लेकर ट्रेक्टर चालक व पड़ोसी खेत मालिक के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। बेटे के साथ मारपीट की सूचना पर जावेद का पिता इकराम 50 वर्ष भी मौके पर पहुंच गया और कुछ ही देर बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इकराम की मौत की सूचना पर वहां लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सीओ एसएन वैभव पांडेय व कोतवाल अविनाश गौतम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली और कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। सीओ एसएन वैभव पांडेय ने बताया कि मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है, हालांकि जांच पड़ताल में शव पर चोट का कोई निशान नही मिला है। मृतक हार्ट का मरीज भी बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

## सिपाही भर्ती में भी 20 प्रतिशत महिलाकर्मियों की होगी भर्ती: योगी

लखनऊ, 22 नवंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 701 वन दरोगाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि इन वन दरोगाओं में से 140 महिला अभ्यर्थी हैं। मुख्यमंत्री योगी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने सभी बोर्ड और आयोगों को निर्देश दिया था कि भर्ती प्रक्रिया बिना किसी खोट के हो और कहीं भी गड़बड़ी होने पर जवाबदेही सुनिश्चित हो। यही कारण है कि परीक्षा पूरी होकर नियुक्ति पत्र वितरित हो रहे हैं। पहले यूपी में भर्ती निकलती थी और महाभारत के रिश्ते टपक पड़ते थे। हमने कहा कि भर्ती में किसी के साथ ही भेदभाव नहीं कया जाएगा। इसका परिणाम अब दिख रहा है। अभी कल ही पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी हुआ है। आगे के प्रक्रिया पूरी करने के बाद 60 हजार पदों पर पुलिस की भर्ती की जाएगी जिसमें 20 प्रतिशत संख्या महिलाकर्मियों की होगी।

## भारत ने लगाई फटकार तो कनाडा के बदले सुर

### - ट्रूडो बोले- पीएम मोदी पर लगे आरोप बेबुनियाद

**नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसी)।** भारत की कड़ी फटकार के बाद अब कनाडा सरकार के सुर बदल गए हैं। आज कनाडा सरकार ने सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर मामले में एक बयान जारी कर पीएम मोदी और अन्य भारतीय अधिकारियों पर लगे आरोपों को खुद ही निराधार बताया है। बयान में कहा गया है कि 14 अक्टूबर को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण और निरंतर खतरे के कारण, फटठ और अधिकारियों ने भारत सरकार के एजेंटों द्वारा कनाडा में गंभीर आपराधिक गतिविधि के सार्वजनिक आरोप लगाने का असाधारण कदम उठाया। हालांकि, कनाडा सरकार के पास प्रधानमंत्री मोदी, मंत्री जयशंकर और एनएसए डोभाल को कनाडा के भीतर गंभीर आपराधिक गतिविधि से जोड़ने के लिए कोई सबूत नहीं है और न ही उसे इसके बारे में पता है। सरकार ने कहा कि ये केवल अटकलें हैं।

कनाडा की एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय प्रधानमंत्री को सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की कथित साजिश के बारे में पता था। एक अनाम अधिकारी के हवाले से यह रिपोर्ट प्रकाशित की गई है। भारत ने इस रिपोर्ट का कड़ा विरोध जताया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस तरह के आरोप हास्यास्पद हैं और उनका सही से जवाब देना जरूर है। उन्होंने कहा, इस तरह का बदनाम करने वाला अभियान हमारे पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाता है। जायसवाल कनाडाई अखबार द ग्लोब एंड मेल में छपी रिपोर्ट के बारे में मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। बता दें कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हालांकि, अभी तक इस बात से पर्दा नहीं उठ पाया है कि ये हत्या किसने की है। कनाडा सरकार ने आरोप लगाया था भारत सरकार के अधिकारियों का इस हत्या में हाथ है। बता दें कि निज्जर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करता था। भारत ने कई बार निज्जर के प्रत्यर्पण की मांग की थी, लेकिन कनाडा ने न सिर्फ शरण दी, बल्कि नागरिकता भी दी।

## चीन सीमा तक जाएगी ट्रेन, पहले लगते थे 16 घंटे; अब 3 घंटे में पहुंच सकेगी सेना

**नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे चीन की सीमा तक ट्रेन चलाने की तैयारियां जोर शोर के साथ कर रही है। इसे चंपावत जिले के टनकपुर से बागेश्वर के बीच बनाया जाना है। 169 किमी लंबी रेल लाइन के लिए सर्वे का काम लगभग पूरा हो चुका है। ये रेल लाइन हिमालय के पहाड़ों के बीच से गुजरते हुए चीन सीमा से लगते पिथौरागढ़ और बागेश्वर तक जाएगी। यह स्टेशन उत्तराखंड में नेपाल सीमा पर भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन भी है। रेलवे ने इस रूट पर सर्वे के साथ पिलर लगाने का काम भी शुरू कर दिया है। पिथौरागढ़ जिले के उच्च हिमालय वाले इलाकों में चीन तक पहुंचने के लिए 5 दर्रे हैं।ये भी करीब 5 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित हैं। इसी कारण से सेना के लिए इन क्षेत्रों तक तेजी से पहुंचना और सप्लाई पहुंचना बहुत चुनौतीपूर्ण होता है, इस नई रेल लाइन बिछने के बाद यह काम दो से तीन घंटे में हो जाएगा।

## अडानी पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी का आरोप, गिरफ्तारी वारंट जारी

**नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसी)।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन और देश के दूसरे सबसे अमीर उद्योगपति गौतम अडानी बड़ी मुसीबत में घिरते नजर आ रहे हैं। अडानी और सात अन्य लोगों पर अमेरिका में अरबों डॉलर की रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। इस मामले में अमेरिका की कोर्ट में सुनवाई हुई। अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं। इस मामले में नाम आने के बाद अडानी ग्रुप ने अमेरिका में 600 मिलियन डॉलर का बॉन्ड रद्द कर दिया। अभियोजकों ने बुधवार को आरोपों की घोषणा की। इसमें आरोप लगाया गया है कि अडानी ग्रुप ने सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत दी थी। अडानी ने बुधवार को ग्रीन एनर्जी में निवेश की घोषणा की थी। यह घोषणा तब की गई जब कंपनी के अध्यक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अडानी ने निवेश की घोषणा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को उनकी चुनावी जीत पर बधाई भी दी। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि ट्रंप ने ऊर्जा कंपनियों के लिए नियमों को सरल बनाने का वादा किया है। इससे उनके लिए संघीय भूमि पर ड्रिलिंग करना और पाइपलाइनों का निर्माण करना आसान हो जाएगा। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग की ओर से बनाए गए मामले के अनुसार, गौतम अडानी पर कथित रूप से अमेरिकी निवेशकों को धोखा देने और अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। अडानी और अन्य पर आरोप है कि उन्होंने झूठे और भ्रामक बयानों से अमेरिकी निवेशकों और वैश्विक वित्तीय संस्थानों से फंड लिया। इसके बाद उस रकम का इस्तेमाल रिश्वतखोरी में किया। अभियोग में कहा गया है कि अडानी और अन्य ने लगभग 265 मिलियन डॉलर (करीब 2237 करोड़ रुपये) की रिश्वत दी। आरोप लगाया गया है कि अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और एक अन्य कार्यकारी विनीत एस। जैन ने अडानी ग्रीन एनर्जी के लिए 3 बिलियन डॉलर से अधिक के लोन और बॉन्ड हासिल करने के लिए ऋणदाताओं और निवेशकों से रिश्वत की बात छिपाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि गौतम अडानी और सागर अडानी के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने दोनों व्यक्तियों और एक अन्य व्यक्ति सिरिल कैबनेस के खिलाफ संबंधित नागरिक आरोप दायर किए हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार ने अभी तक अडानी और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ विशिष्ट आरोपों के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी है।

## पूरी दुनिया में सबसे बड़ा छात्र संगठन बना एबीवीपी, 55 लाख छात्रों के सदस्य होने का दावा

**नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दावा किया है कि वह दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन बन चुका है। संगठन के अनुसार उसके सक्रिय सदस्यों की संख्या 55 लाख को पार कर चुकी है। इस वर्ष उसके सक्रिय सदस्यों की संख्या 55,12,470 हो चुकी है। दुनिया के किसी भी देश में किसी भी छात्र संगठन के पास इतने सक्रिय सदस्य नहीं हैं। संगठन ने पहले ही दुनिया के सबसे बड़े संगठन होने का दावा किया था, लेकिन इस वर्ष उसकी सदस्य संख्या में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में चल रहे विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए बताया है कि इस वर्ष पूरे देशभर से सदस्यता हुई है। उनके अनुसार, छात्रों के मुद्दे उठाने और उनके हितों की बात करने के कारण एबीवीपी का छात्रों के बीच भरोसा बढ़ा है। संगठन ने शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के पक्ष में आवाज उठाने, महिलाओं को नेतृत्व देने की दिशा में बढ़ाने के लिए विद्यार्थी परिषद ने अच्छा प्रयास किया है।

## ठंडी रोटी को लेकर शादी में बवाल, भिड़े बराती-घराती

**आगरा, 22 नवंबर (एजेंसी)।** आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के अब्बास नगर में बुधवार रात निकाह की दावत में ठंडी रोटी परोसने पर विवाद हो गया। इस दौरान घराती और बराती आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। बवाल होते देख दूल्हे की बहन बीच बचाव कराने आई, तो उसे भी अनदेखा कर दिया। झगड़े में उसके सिर में चोट लग गई, जिससे वो बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। ये देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद दूल्हे की बहन और एक अन्य घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नई आबादी निवासी अंसार के घर पर शादी समारोह का कार्यक्रम था। इसमें रिश्तेदार और पड़ोसी भी आए थे। अंसार की बुआ के लड़के दानिश, मुस्तफा, सलमान खान खा रहे थे, तभी अंसार रोटी परोस रहे थे। रोटी ठंडी थी। इस बात पर सलमान गलीगलौज देने लगा। खाने की टेबल पर लात मार दी। विरोध करने पर दानिश, सलमान, मुस्तफा लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास लोग इकट्ठे हो गए। झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि कोई भी किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हो रहा था। इस दौरान बीच-बचाव करने पर दूल्हे की बहन साहिबा आ गई। हमलावरों ने उसको भी नहीं छोड़ा। उसके सिर में किसी ने डंडा मार दिया, जिसके बाद वो घायल होकर जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़ी। ये देख मौके पर अफरा तफरी मच गई।

## यूपी सिपाही भर्ती: प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जारी होंगे अभ्यर्थियों के अंक

**लखनऊ, 22 नवंबर (एजेंसी)।** यूपी पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने बयान जारी कर कहा है कि भर्ती का अंतिम परिणाम प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जारी किया जाएगा। यूपीएससी इसी प्रक्रिया के तहत परिणाम जारी करता है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अभ्यर्थियों के अंक जारी किए जाएंगे। बता दें कि बृहस्पतिवार को बोर्ड ने लिखित परीक्षा का परिणाम (कट ऑफ) जारी किया था। बोर्ड कट ऑफ लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर पदों के ढाई गुना 1,74,306 अभ्यर्थियों को चयनित करके दिसंबर के तीसरे सप्ताह में दस्तावेजों का परीक्षण और शारीरिक मानक परीक्षा के लिए बुलाएगा। अगस्त माह में पांच दिन में 10 पालियों में आयोजित लिखित परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए करीब 49 लाख आवेदन आए थे जिसमें से करीब 32 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। भर्ती बोर्ड ने पेपर लीक से बचने के लिए बनाए गए नए कानून सार्वजनिक परीक्षा के तहत परीक्षा का आयोजन कराया था, जिसमें केवल सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

## अब ज्ञानवापी के 'शिवलिंग' के सर्वे को लेकर हिंदू पक्ष पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, मस्जिद पक्ष से मांगा गया जवाब

**नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसी)।** ज्ञानवापी परिसर में सीलबंद वजूखाने के एएसआई सर्वे की मांग वाली हिंदू पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। इसी जगह पर मई 2022 में शिवलिंग जैसी रचना मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने तब इस जगह को सीलबंद रखने का आदेश दिया था।अब हिंदू पक्ष चाहता है शिवलिंग की प्राचीनता का पता लगाने के लिए उसका भी वैज्ञानिक सर्वे हो। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर अंजुमन इन्तजामिया मस्जिद प्रबंधन कमेटी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट ने दायर याचिका में कहा है कि 16 मई 2022 में एडवोकेट कमिश्नर सर्वे में 'शिवलिंग' मिलने के बाद सुप्रीम क

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मसूरी के 49 होटलों पर लगाया 8.30 करोड़ का जुर्माना

**देहरादून/मसूरी, 22 नवंबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मसूरी के 49 होटल पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए 8.30 करोड़ का जुमार्ना लगाया है। पीसीबी ने इसका नोटिस भेजा है, जिसके बाद से हड़कंप मचा हुआ है। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ.पराग मधुकर धकाते ने बताया कि एयर और वाटर एक्ट के तहत होटल संचालकों को पीसीबी से एनओसी लेनी होती है। मसूरी में 34 होटल ऐसे थे, जिनके पास वर्ष 2019 से पहले एनओसी नहीं थी, जबकि 15 होटल ऐसे थे, जिनके पास एनओसी थी, लेकिन एनओसी के नवीनीकरण की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया गया था। एनजीटी ने जुमार्ने का पुनर्निर्धारण करने का आदेश दिया था, इसी क्रम में संबंधित होटलों का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का पुनर्निर्धारण कर 8.30 करोड़ का जुमार्ना लगाया है।

## किसानों से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ बॉर्डरों पहुंचने का पंधेर ने किया आह्वान

**पटियाला, 22 नवंबर (एजेंसी)।** किसान जत्थेबंदियों ने छह दिसंबर को शंभू बॉर्डर से बिना ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के शांतिपूर्वक दिल्ली कूच का एलान किया था, लेकिन अब किसान जत्थेबंदियों ने रणनीति बदली है। शुक्रवार को किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने किसानों को बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ शंभू व खनौरी बॉर्डरों पर पहुंचने का आह्वान किया है। पंधेर ने कहा कि 26 नवंबर को खनौरी बॉर्डर और छह दिसंबर को शंभू बॉर्डर पर बड़े इकट्ठे किए जाएंगे। दरअसल 26 नवंबर को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल खन्नौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठने जा रहे हैं। वहीं, छह दिसंबर को शंभू बॉर्डर के जरिये किसानों का दिल्ली कूच का कार्यक्रम तय है। ऐसे में पंधेर के इस बड़े एलान से जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों में हलचल तेज हो गई है। इसी साल फरवरी महीने में जब किसानों ने शंभू व खनौरी बॉर्डरों से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ दिल्ली कूच करने की कोशिश की थी, उस समय हरियाणा पुलिस व किसानों के बीच जबरदस्त टकराव हुआ था। एक युवक की मौत हो गई थी, कई घायल भी हुए थे। ऐसे में अब इस तरह की नौबत न आए, इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी कोशिश करेगा।

## चली तबादला एक्सप्रेस, आधा दर्जन पीसीएस अफसर इधर से उधर

**लखनऊ, 22 नवंबर (एजेंसी)।** शुक्रवार की शाम कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले हुए। इसमें राकेश सिंह को अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) बाराबंकी बनाया गया है। अभी तक ये अपर जिलाधिकारी (नगर ट्रांस गोमती) लखनऊ में थे। सुशील कुमार गोंड, गोरखपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी थे। अब इन्हें उन्नाव में अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) के रूप में नियुक्ति मिली है। वहीं इटावा में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को जालौन जिले में नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। चित्रकूट उपजिलाधिकारी के रूप में तैनात प्रमोद झा को झांसी का नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसके अलावा औरैया उपजिलाधिकारी राम अवतार को रायबरेली में नगर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनाती मिली है। बरेली में उपजिलाधिकारी देश दीपक सिंह को बुलन्दशहर में नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

## शीर्ष कोर्ट ने टाली मेनका गांधी की याचिका पर सुनवाई; अब दो दिसंबर को सुना जाएगा मामला

**नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसी)।** सुलतानपुर से सपा उम्मीदवार के चुनाव के खिलाफ मेनका गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई टाल दी। अब उनकी याचिका पर दो दिसंबर को शीर्ष कोर्ट सुनवाई करेगी। मेनका गांधी की याचिका पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इस दौरान मेनका गांधी का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा से देरी की माफी के लिए आवेदन का पता लगाने और उसे रिकॉर्ड पर रखने के लिए कहा। देरी की माफी का मतलब अपील दाखिल करने के लिए निर्धारित समय सीमा को बढ़ाने के लिए अदालत की विवेकाधीन शक्ति से है। मेनका गांधी ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के राम भुआल निषाद के चुनाव को चुनौती दी थी।

## गोरखपुर में आधी रात हॉस्टल में घुसे सात एसबीबीएस छात्र सस्पेंड

**गोरखपुर।** जनपद के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला सामने आया है। 7 एसबीबीएस के सीनियर छात्र एसबीबीएस-2024 जूनियर बैच के हॉस्टल में जबरन घुस गए और छात्रों की रैगिंग की। जांच के बाद कॉलेज प्रशासन ने 7 छात्रों को 3 महीने के लिए कालेज से सस्पेंड कर दिया।जानकारी के अनुसार छठ पूजा की छुट्टी से लौटे एसबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अपने हॉस्टल राजेंद्र हॉस्टल में मौजूद थे। इसी दौरान 2023 बैच के 7 सीनियर छात्र अचानक हॉस्टल में घुस आए और करीब आधे घंटे तक वहां रुके। इस घटना की सूचना एक अज्ञात व्यक्ति ने ई-मेल के जरिए एंटी रैगिंग सेल को दी, जिसके बाद कॉलेज प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। कॉलेज प्रशासन ने आनन-फानन में हॉस्टल परिसर के फुटेज की जांच की गई। फुटेज में सीनियर छात्रों की हॉस्टल में एंट्री साफ देखी गई, हालांकि रैगिंग का कोई सबूत नहीं मिला। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन और एंटी रैगिंग कमेटी ने इसे अनुशासन का उल्लंघन मानते हुए दोषी छात्रों पर कार्रवाई की।

## सिसोदिया की जमानत शर्तों में ढील की याचिका पर सीबीआई, ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली, 22 नवंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले के मामलों में जमानत की शर्तों में शामिल जांच अधिकारी के समक्ष हाजिरी लगाने में ढील देने की दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने श्री सिसोदिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिघवी की दलीलें सुनने के बाद दोनों केंद्रीय एजेंसियों को अपना-अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में दो सप्ताह बाद विचार करेगी। साथ ही, यह स्पष्ट किया कि वह अगली सुनवाई की तारीख पर आवेदन पर फैसला करेगी।

# सुकमा मुठभेड़ में कमांडर सहित 10 नक्सली ढेर

**सुकमा 22 नवंबर (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कोन्टा के भेज्जी इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक स्वयंभू माओवादी 'कमांडर' समेत 10 नक्सली मारे गये। सुरक्षा बलों ने मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों के जवानों ने घटना स्थल से तीन स्वचालित राइफल, एक एके47 इंसास, एसएलआर रायफल सहित कई आधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के थाना भेज्जी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोरजागुड़ा, दंतेश्वरमपुरम, नागराम, भंडापदर के जंगलों एवं पहाड़ी में शुक्रवार सबेरे से चल रहे मुठभेड़ में अब तक दस नक्सली मारे गए हैं। मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिया गया है। राज्य में इस वर्ष सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में अब तक 107 नक्सली मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम नक्सलियों की घेराबंदी और तलाश के लिए निकली थी। जवानों को सूचना मिली थी कि कई नक्सली ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे हैं। बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पी सुंदरराज ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुकमा जिले में आज सुबह सुरक्षाबलों ने एक बड़ी कार्रवाई में 10 नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा,''बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर में शांति , विकास और प्रगति का दौर लौट आया है।'' उन्होंने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तय किये गये मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफ़ाये के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में हम सुनियोजित तरीक़े से आगे बढ़ रहे हैं।

# पालिका में गंदगी देख भड़की चेयरपर्सन, लगाई फटकार

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** लंबे अंतराल के बाद नगर पालिका चेयरपर्सन फिर से एक्शन में दिखाई दी। शुक्रवार में दोपहर बाद टाउनहाल पहुंची चेयरपर्सन कार्यालय निरीक्षण के दौरान परिसर में यहां-वहां पर गंदगी देख कर बेहद नाराज हुई और मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि जब पालिका प्रांगण ही सफाई मामले में इस तरह से बदहाल है तो शहर का हाल फिर कैसा होगा। उन्होंने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। वार्ड में भ्रमण के दौरान वो जनता से सीधे मिलकर सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगी। लापरवाही मिली तो कड़ी कार्यवाही होगी।

पालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शुक्रवार को टाउनहाल पहुंच सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करते हुए वहां अपने कार्यों के लिए आये लोगों से मिल, उनकी समस्याओं को सुना तथा समाधान कराया। टैक्स विभाग में पहुंची चेयरपर्सन ने राजस्व वसूली की जानकारी लेते हुए लोगों को समय से बिल उपलब्ध कराने और बकायादारों से राजस्व वसूली कराने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शहर में कूड़ा निस्तारण के लिए काम कर रही एमआईटूसी कम्पनी के कंट्रोल रूम में पहुंचकर वहां पर शिकायत रजिस्टर चैक किया तो वहां पर कुल आठ शिकायत दर्ज पाई और उनका निस्तारण करने की कार्यवाही नहीं मिली। कंपनी कार्यप्रणाली के प्रति उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह रवैया बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। खुद उन्हें ही दिनभर में सफाई से जुड़ी सैंकड़ों शिकायत प्राप्त होती हैं। वार्ड सभासदों को शिकायत मिलती है कंट्रोल रूम में केवल 08 शिकायत आने का मतलब है कि इसके लिए जनता के बीच प्रचार- प्रसार का अभाव है। उन्होंने कंपनी के लोगों को मंडी क्षेत्र में अलग से कंट्रोल रूम स्थापित करने व इसके लिए प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। वहीं जन्म मृत्यु के शपथ पत्र पटल पर पहुंचकर उन्होंने आवेदनों के निस्तारण की जानकारी भी ली। आवेदन अधिक दिनों से लम्बित होने पर उन्होंने उनका समय से निस्तारण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को धक्के खिलाने की नकारात्मक सोच व कार्य प्रणाली को त्यागकर काम करना होगा। इस बीच उन्होंने पालिका में पहुंचे लोगों से मिलकर उनकी शिकायतें सुनी, दाखिल खारिज, बकाया व अन्य प्रकरणों में त्वरित निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से ये भी पूछा किसी भी कार्य के लिए पालिका में कोई पैसे तो नहीं मांग रहा है।

**इन्होंने कहा-** चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि शुक्रवार में टाउनहाल का उन्होंने निरीक्षण किया। इसमें परिसर में गन्दगी मिली, जिससे साफ है कि पालिका मुख्यालय में सफाई का अभाव है। इसके लिए ईओ के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी को भी टाउनहाल के साथ ही सम्पूर्ण शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि वो जल्द ही हर वार्ड में भ्रमण करते हुए सीधे जनता से संवाद स्थापित कर सफाई के साथ अन्य सुविधाओं की जानकारी लेंगी। जहां भी अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही सामने आयेगी, तो कार्यवाही होगी। जनहितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा और शहर के हित में बिना भेदभाव के हम विकास के अपने संकल्प को लेकर चलते रहेंगे। इस दौरान सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, देवेश कौशिक, सभासद पति विकल्प जैन और राहुल पंवार के अलावा ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह मौजूद रहे।

## आसाराम की याचिका पर गुजरात सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली, 22 नवंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने यौन उत्पीड़न मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 वर्षीय स्वयंभू बाबा आसाराम बापू की मेडिकल आधार पर जमानत की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया और तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए कहा कि चूंकि यह पोक्सो का मामला है, इसलिए यह अदालत मेडिकल आधार पर जमानत की इस याचिका पर विचार करेगी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दामा शेषाद्रि नायडू ने दलील दी कि वह 'ब्लॉकिज' सहित कई बीमारियों से पीड़ित हैं। इस मामले में आसाराम ने सजा के निलंबन और जमानत की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया है कि वह 'मीडिया ट्रायल' और अपने 'आश्रम' पर नियंत्रण हासिल करने के उद्देश्य से की जा रही साजिशों के शिकार हैं। उन्होंने अधिवक्ता राजेश इनामदार और शाश्वत आनंद के माध्यम से दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उनकी सजा विसंगतियों से भरी हुई है। वह केवल शिकायतकर्ता की अपुष्ट गवाही पर आधारित है। याचिका में कहा गया है कि आरोपों के पक्ष में कोई चिकित्सीय या स्वतंत्र सबूत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और उन्हें उनके आश्रम से बाहर निकालने के लिए झूठा फंसाया गया है। याचिका में कई दिल के दौरे और गंभीर बीमारी सहित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए आसाराम ने तर्क दिया कि उनका लगातार कारावास संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में यह भी दावा किया गया है, ''जेल में हर बीतता दिन उनके स्वास्थ्य और गरिमा को कम कर रहा है।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि वह पहले ही 11 साल से अधिक समय जेल में बिता चुके हैं और हो सकता है कि वह अपनी लंबित अपील की सुनवाई तक जीवित न रहें। आसाराम को दो दशकों से भी अधिक पुराने आरोपों के आधार पर जनवरी 2023 में भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) (सी), 377 और अन्य के तहत संगीन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। गुजरात उच्च न्यायालय ने अगस्त 2024 में आसाराम की सजा को निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उनके पिछले आपराधिक मामलों और अन्य लंबित मामलों का हवाला दिया गया था ।

# नगर पालिका के टीएस नरेश शिवालिया ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, चर्चाएं तेज

- स्वास्थ्य कारण से किया था इस बार शासन में अपना आवेदन
- ईओ ने वीआरएस संस्तुति के साथ आख्या चेयरपर्सन को भेजी

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** अब नगरपालिका परिषद् में कर अधीक्षक नरेश शिवालिया ने वीआरएस के लिए शासन में आवेदन किया है, जिसके बाद शासन से मांगी रिपोर्ट पर उनको पालिका से वीआरएस देने के लिए ईओ ने संस्तुति करते हुए रिपोर्ट अनुमोदन के लिए आख्या चेयरपर्सन को प्रेषित कर दी है। पालिका में होर्डिंग्स प्रकरण को लेकर चर्चा में रहे कर अधीक्षक श्री शिवालिया ने वीआरएस के लिए स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं को सामने रखा और नौकरी करने में असमर्थता व्यक्त की है। उनके वीआरएस को लेकर पालिका में हलचल है। चेयरपर्सन ने पालिका निरीक्षण के दौरान उनसे मिलकर वार्ता की और उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

नगरपालिका परिषद् में बतौर टीएस नरेश शिवालिया ने जनवरी 2023 में कार्यभार ग्रहण किया था। इस बीच में होर्डिंग्स प्रकरण उनके कार्यकाल में सर्वाधिक चर्चाओं में रहा। उनके कार्यकाल को शांत स्वभाव के कारण याद रखा जायेगा, क्योंकि अब उन्होंने नौकरी छोड़ने की तैयारी कर ली है। नरेश शिवालिया ने शासन से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया है। उनके आवेदन पर शासन ने नगरपालिका परिषद् से रिपोर्ट मांगी और एनओसी देने के लिए कहा तो इसकी जानकारी मिलने पर नगरपालिका में हलचल मच गई है। मेरठ निवासी टीएस नरेश शिवालिया ने पिछले करीब 1 सप्ताह पूर्व शासन में वीआरएस के लिए आवेदन किया था। इसके बाद नगर विकास विभाग की ओर से नगरपालिका को पत्र भेजकर इसकी जानकारी देते हुए रिपोर्ट मांगी है। शासन से आए निर्देशों के तहत अब ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने टैक्स विभाग से कर अधीक्षक नरेश शिवालिया के वीआरएस आवेदन पर रिपोर्ट तलब की और एनओसी जारी करने के लिए कहा था। कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने जांच की आख्या ईओ के समक्ष प्रस्तुत कर दी। इसमें उन पर कोई भी देनदारी बाकी नहीं बताई है। विभागीय रिपोर्ट आने के बाद अब शासन से उनका वीआरएस मंजूर होना बाकी है।

बता दें, नगर पालिका में चर्चा है कि करीब डेढ़ साल से कर अधीक्षक नरेश शिवालिया ने वीआरएस लेने का मन बनाया था। वो इसके लिए कई बार अपने तबादले के लिए भी प्रयासरत रहे, लेकिन वो नहीं हो पाया तो उनके द्वारा वीआरएस आवेदन किया गया। बताया गया कि इसमें कर अधीक्षक के द्वारा बीपी और शुगर की बीमारियों को इंगित करते हुए स्वास्थ्य सम्बंधी कारणों से नौकरी करने में असमर्थता व्यक्त की है।

**इन्होंने कहा-** ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि बीते दिनों कर अधीक्षक नरेश शिवालिया ने शासन में वीआरएस के लिए आवेदन किया। शासन स्तर से इसके लिए पालिका से एनओसी और रिपोर्ट मांगी गई। कर निर्धारण अधिकारी ने उनको रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें वीआरएस की संस्तुति करते हुए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को अनुमोदन के लिए आख्या प्रेषित की जा चुकी है।

## किसान नेता पर स्टाफ नर्स के आरोपों का वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरथावल पर तैनात एक स्टाफ नर्स ने एक किसान नेता पर गम्भीर आरोप लगाये हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्टाफ नर्स का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें नर्स लरजती आवाज और आंखों से आंसू लिए एक मौत होने की जानकारी देते हुए किसान नेता के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रही है। स्वास्थ्य विभाग इस वीडियो के संज्ञान में नहीं होने की बात कहते हुए स्टाफ नर्स के आरोपों को ही सिरे से खारिज कर रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला रोते हुए एक किसान नेता का नाम बार-बार लेकर उस पर गम्भीर आरोप लगा रही है। वीडियो में दिख रही महिला अमिता कह रही है कि वो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरथावल पर तैनात एक स्टाफ नर्स है। रोते हुए उक्त नर्स वीडियो में बता रही है कि करीब दो माह पहले सीएचसी पर एक महिला की डिलीवरी हुई। उसने एक बच्ची को जन्म दिया। बच्ची का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण उस दौरान ड्यूटी पर रही स्टाफ नर्स सुमनलता और मीनू ने बच्ची को बेहतर उपचार के लिए सीएचसी से जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया था।

नर्स का कहना है कि उपचार के दौरान ही बच्ची की मौत हो गई। उसका कहना है कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नेता कुशलवीर ने सीएचसी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए वहां धरना दिया और स्टाफ को भयभीत करते हुए अभद्रता की गई। इससे स्टाफ मानसिक रूप से तनाव में चल रहा था। स्टाफ नर्स ने इस वीडियो में यह भी बताया कि कुशलवीर लगातार स्टाफ पर काम न करने देने का दबाव बनाते हुए भयभीत कर रहा था। इसी भय के कारण सीएचसी पर कार्यरत एक प्राइवेट सफाई कर्मचारी सकीना आंटी की मौत की चर्चा करते हुए उसने पूरी तरह से भाकियू अराजनैतिक के नेता कुशलवीर को दोषी ठहराते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग कर रही है। स्टाफ नर्स अमिता का यह वीडियो 21 नवम्बर का बताया जा रहा है, जबकि सफाई कर्मचारी सकीना की मौत 20 नवम्बर को होने की जानकारी मिली है। सीएचसी चरथावल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने भी कुछ कहने से इंकार कर दिया। हालांकि उन्होंने बताया कि सीएचसी पर प्राइवेट रूप से उनके द्वारा साफ सफाई के लिए सकीना नामक महिला को रखा हुआ था। 20 नवम्बर को अचानक उसकी तबियत खराब हुई और हार्ट अटैक होने के कारण उसका निधन हो गया। किसी के डराने या धमकाने की बात से उन्होंने इंकार किया है। उनका कहना है कि वीडियो को लेकर वो जांच करायेंगे।

# ज्ञानवापी मस्जिद विवादः एएसआई सर्वेक्षण की याचिका पर मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस

**नयी दिल्ली, 22 नवंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की हिंदू पक्ष की याचिका पर मस्जिद प्रबंधन समिति 'अंजुमन इंतेज़ामिया मसाजिद' को नोटिस जारी करके 17 दिसंबर 2024 तक जवाब दाखिल करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह नोटिस जारी किया। हिंदू पक्ष की याचिका में 'शिवलिंग' पाए जाने वाले क्षेत्र का एएसआई सर्वेक्षण कराने की गुहार लगाई गई है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले मस्जिद के अंदर के क्षेत्र को सील करने का आदेश दिया था, जहां 16 मई, 2022 को अदालत द्वारा सर्वेक्षण के दौरान मस्जिद के तालाब में कथित तौर पर 'शिवलिंग' पाया गया, जिसे मुस्लिम पक्ष ने फव्वारा बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुकदमों को एक निचली अदालत, जिला न्यायाधीश के समक्ष रखना बेहतर होगा, जहां मुख्य मुकदम लंबित है। ऐसा करने के बाद उच्च न्यायालय साक्षयों का पुनर्मूल्यांकन करने वाला पहला अपीलीय अदालत हो सकता है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सीलबंद क्षेत्र के एएसआई सर्वेक्षण और मुकदमों की विचारणीयता सहित सभी मुद्दों (जिनके बारे में मुस्लिम पक्ष का दावा है कि वे पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत वर्जित हैं) पर अदालत साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर सुनवाई कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार के लिए अगले महीने की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष ने दावा किया कि वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर (बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक) को सबसे पहले 1194 ई. में कुतुब-उद-दीन ऐबक की सेना ने नष्ट किया था। वर्ष 1669 ई. में औरंगजेब ने फिर से मंदिर को नष्ट कर दिया और उसके स्थान पर ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई।उन्होंने दावा किया कि मस्जिद की नींव, स्तंभों और पिछले हिस्से में मंदिर के अवशेष देखे जा सकते हैं। हिंदू पक्ष ने तर्क दिया कि जब मुस्लिम पक्ष 'शिवलिंग' को फव्वारा बता रहा है, तो विवाद के उचित निर्णय के लिए सर्वेक्षण किया जाना आवश्यक है।

## पैसों के लालच में युवक की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** दस नवम्बर को शराब के ठेके के पास स्थित आम के बाग में एक युवक का शव पड़ा मिला था, जिसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। उसी समय मृतक की शिनाख्त शौकीन निवासी बघरा के रूप में हुई थी। शौकीन के पिता ने तितावी थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया था तभी से पुलिस हत्यारोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई थी। शुक्रवार को थाना प्रभारी मानवेन्द्र भाटी ने हत्यारोपी बिट्टू निवासी सैदपुरा थाना तितावी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि शौकीन और वह बघरा स्थित शराब की दुकान पर बैठकर अलग-अलग शराब पी रहे थे। शराब पीते समय उसे अहसास हुआ कि शौकीन के पास काफी पैसे हैं। इस पर वह उसे बातों में उलाने लगा और बाद में उसे पास के ही एक बाग में ले गया और उसकी हत्या कर डाली। आरोपी ने बताया कि उसने अंगोछे से गला घोंटकर शौकीन की हत्या की है। हत्या के बाद जब हत्यारोपी बिट्टू ने शौकीन की जेब टटोली तो उसमें से सिर्फ चार सौ रुपये निकले तथा उसने मृतक की जेबें से मोबाइल फोन भी निकाल लिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त अंगोछा व मृतक का मोबाइल फोन दोनों बरामद कर उसे जेल भेज दिया है।

## नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच एक्वा मेट्रो लाइन को स्वीकृत

**लखनऊ।** नोएडा से ग्रेटर नोएडा में यातायात को और सुगम बनाने के लिए 17.435 किमी लंबी एक्वा मेट्रो लाइन को स्वीकृत किया गया है। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना न बताया कि यह मेट्रो सेक्टर 51 से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क 20 तक चलेगी। इसमें 394 करोड़ रुपए भारत सरकार और 394 करोड़ रुपए राज्य सरकार की ओर से खर्च किए जाएंगे। राज्य सरकार की ओर से 40 प्रतिशत धनराशि नोएडा और 60 प्रतिशत धनराशि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत की जाएगी। दूसरी तरफ आगरा मेट्रो रेल परियोजना के कॉरीडोर-1 आरबीएस कालेज मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी कालेज मेट्रो स्टेशन के बीच सिंचाई विभाग की निष्प्रयोज्य भूमि को मेट्रो निर्माण के लिए निशुल्क उपलब्ध कराए जाने को भी कैबिनेट ने मंजूर कर लिया।

# नहर में हुए कटान से किसानों के खेतों में घुसा पानी

### एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर बंद कराया कटान

**चरथावल, 22 नवम्बर (बु.)।** क्षेत्र के कुटेसरा में झाल के निकट शुक्रवार को नहर टूटने के कारण किसानों के खेतों में पानी घुस गया, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नहर टूटने की सूचना पर भाकियू अराजनैतिक के नेता काला प्रधान मौके पर पहुंचे तथा अधिकारियों को अवगत कराया। बाद में एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी लगवाई, तब जाकर नहर का पानी बंद हो सका। चरथावल थाना क्षेत्र के कुटेसरा में झाल के निकट शुक्रवार को नहर टूटने के कारण किसानों के खेतों में पानी घुस गया, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाद में एसडीएम सदर ने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी लगवाई, तब जाकर नहर का पानी बंद हो सका। कुटेसरा झाल के पास रात्रि में किसी समय नहर की पटरी टूट गई, जिस कारण नहर का पानी आसपास के किसानों के खेतों में घुस गया। कई-कई फीट पानी होने के कारण फसल बर्बाद होने की आशंका बन गयी। किसानों ने भाकियू अराजनैतिक के नेता काला प्रधान को इसकी सूचना दी। किसानों ने किसान नेताओं के माध्यम से अधिकारियों के फोन खड़काये। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने नहरवाई के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर कटान को बंद कराया, तब जाकर किसानों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर काला प्रधान, ताजीम सिल्ला, बिल्ला, शोएब त्यागी, डॉ. मुजाहिद आदि मौजूद रहे।

## मोदी ने पांच दिन में 31 विश्व नेताओं से की मुलाकात

**नयी दिल्ली, 22 नवंबर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान 31 विश्व नेताओं से मुलाकात की है।

सूत्रों के अनुसार अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के दौरान श्री मोदी ने 31 द्विपक्षीय बैठकों और वैश्विक नेताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में भाग लिया। उन्होंने नाइजीरिया में एक द्विपक्षीय बैठक की, ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर 10 द्विपक्षीय बैठकें कीं। इसके बाद गुयाना यात्रा के दौरान उन्होंने 9 द्विपक्षीय बैठकें कीं। नाइजीरिया में श्री मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक की। ब्राजील में श्री मोदी ने ब्राजील, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, इटली, नॉर्वे, फ्रांस, ब्रिटेन, चिली, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रे